पर्दे का इन्तिज़ाम हो चुका है, उधर इमाम के बेटे, भाई, भतीजे, घरवाले सुवार हो रहे हैं इधर इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ मस्जिदे नबवी से बाहर तशरीफ़ लाए हैं। मेहराबों ने सर झुका कर तस्लीम की, मीनारों ने खड़े हो कर ता'ज़ीम दी क़ाफ़िला सालार के तशरीफ़ लाते ही नबीज़ादों का क़ाफ़िला रवाना हो गया है।

मदीने में अहले बैत رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُم से हज़रते सुग़रा (इमामे मज़्लूम की साहिबज़ादी) और जनाब मुहम्मद बिन हनफ़िय्या (मौला अ़ली رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के बेटे) बाक़ी रह गए।

اَللّٰہُ اَکْبَر ! एक वोह दिन था कि हुज़ूर सरवरे आ़लम صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने काफ़िरों की ईज़ादेही और तक्लीफ़ रसानी की वज्ह से मक्कए मुअ़ज़्ज़मा से हिजरत फ़रमाई। मदीने वालों ने जब येह ख़बर सुनी, दिलों में मसर्रत आमेज़ उमंगों ने जोश मारा और आंखों में शादिये ईद का नक़्शा खिंच गया, आमद-आमद का इन्तिज़ार लोगों को आबादी से निकाल कर पहाड़ों पर ले जाता, मुन्तज़िर आंखें मक्के की राह को जहां तक उन की नज़र पहुंचती, टिकटिकी बांध कर तकतीं, और मुश्ताक़े दिल हर आने वाले को दूर से देख कर चौंक पड़ते, जब आफ़ताब गर्म हो जाता, घरों पर वापस आते। इसी कैफ़िय्यत में कई दिन गुज़र गए, एक दिन और रोज़ की त़रह़ वक़्त बे वक़्त हो गया था और इन्तिज़ार करने वाले ह़सरतों को समझाते, तमन्नाओं को तस्कीन देते पलट चुके थे, कि एक यहूदी ने बुलन्दी से आवाज़ दी : "ऐ राह देखने वालो ! पलटो ! तुम्हारा मक़्सूद बर आया और तुम्हारा मत़लब पूरा हुवा।" इस सदा के सुनते ही वोह आंखें जिन पर अभी ह़सरत आमेज़ ह़ैरत छा गई थी, अश्के शादी बरसा चलीं, वोह दिल जो मायूसी से मुरझा गए थे, ताज़गी के साथ

www.dawateislami.net

जोश मारने लगे, बे क़ाराना पेशवाई को बढ़े, परवाना वार क़ुरबान होते आबादी तक लाए, अब क्या था ख़ुशी की घड़ी आई, मुंह मांगी मुराद पाई, घर घर से नग़माते शादी की आवाज़ें बुलन्द हुईं, पर्दा नशीन लड़कियां दफ़ बजाती, ख़ुशी के लहजों में मुबारक बाद के गीत गाती निकल आईं :

طَلَعَ الْبَدْرُ عَلَيْنَا[1] مِنْ ثَنِيَّاتِ الْوَدَاعِ

وَجَبَ الشُّكْرُ عَلَيْنَا مَا دَعَا لِلّٰهِ دَاعِ

बनी नज्जार की लड़कियां गली कूचों में इस शे'र से इज़हारे मसर्रत करती हुई ज़ाहिर हुईं :

نَحْنُ جَوَارٍ مِنْ بَنِي النَّجَّارِ[2]

يَا حَبَّذَا مُحَمَّدٌ مِنْ جَارٍ

ग़रज़ मसर्रत का जोश था, दरो दीवार से ख़ुशी टपकी पड़ती थी, एक आज का दिन है कि इमामे मज़्लूम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ से मदीना छूटता है, मदीना ही नहीं बल्कि दुन्या की सब राहतें, तमाम आसाइशें, एक एक कर के रुख़्सत होती और ख़ैरबाद कहती हैं। येह सब दर कनार, नाज़ उठाने वाली मां का पड़ोस, मां जाए भाई का हमसाया और सब से बढ़ कर इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ पर अपना बेटा क़ुरबान कर देने वाले जद्दे करीम عَلَیْہِ الصَّلٰوۃُ والتسلیم का क़ुर्ब, क्या येह ऐसी चीज़ें हैं जिन की तरफ़ से आसानी के साथ आंखें फेर ली जाएं? आसानी से

---

1 ..... वदाअ़ के टीलों से हम पर एक चांद तुलूअ़ हुवा जब तक कोई बुलाने वाला अल्लाह तआ़ला की तरफ़ बुलाता रहेगा हम पर इस (चांद) का शुक्र वाजिब है।

2 ..... हम क़बीलए बनी नज्जार की बच्चियां हैं हज़रते सय्यिदुना मुहम्मद صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم कैसे अच्छे पड़ोसी हैं!

कि हम हैं बच्चियां नज्जार के आ़ली घराने की ख़ुशी है आमेना के लाल के तशरीफ़ लाने की

www.dawateislami.net

आंखें फेरनी कैसी ! अगर इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ को मदीना न छोड़ने पर क़त्ल कर दिया जाता तो क़त्ल हो जाना मन्ज़ूर फ़रमाते और मदीने से बाहर पाउं न निकालते, मगर इस मजबूरी का क्या इलाज कि इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के नाक़ा को क़ज़ा, महार पकड़े उस मैदान की जानिब लिये जाती है, जहां क़िस्मत ने परदेसियों के क़त्ल होने, प्यासों के शहीद किये जाने का सामान जम्अ़ किया है। मदीने की ज़मीन जिस पर आप घुटनों चले, जिस ने आप की बचपन की बहारें देखीं, जिस पर आप की जवानी की करामतें ज़ाहिर हुईं, अपने सर पर ख़ाके ह़सरत डालती और परदेस जाने वाले के प्यारे प्यारे नाज़ुक पाउं से लिपट लिपट कर ज़बाने ह़ाल से अ़र्ज़ कर रही है कि "ऐ फ़ातिमा رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہَا की गोद के सिंघार ! कलेजे की टेक ! ज़िन्दगी की बहार ! कहां का इरादा फ़रमा दिया ? वोह कौन सी सर ज़मीन है जिसे येह इ़ज़्ज़त वाले पाउं जो मेरी आंखों के तारे हैं, शरफ़ बख़्शने का क़स्द फ़रमाते हैं ?"

اے تماشا گاہ عالم روئے تو[1]
تو کجا بہر تماشا مے روی

जिस क़दर येह बरकत वाला क़ाफ़िला निगाह से दूर होता जाता है इसी क़दर पीछे रह जाने वाली पहाड़ियां और मस्जिदे नबवी के मीनारे सर उठा उठा कर देखने की ख़्वाहिश ज़ियादा ज़ाहिर करते हैं, यहां तक कि जाने वाले निगाहों से ग़ाइब हो गए और मदीने की आबादी पर ह़सरत भरा सन्नाटा छा गया।

اَللّٰھُمَّ صَلِّ عَلٰی سَیِّدِنَا وَمَوْلَانَا مُحَمَّدٍ وَّعَلٰی اٰلِہٖ وَاَصْحَابِہٖ اَجْمَعِیْنَ

---

1 ..... या'नी आप नज़ारे के लिये कहां जा रहे हैं जब कि दुन्या की निगाहें आप के रूए अन्वर पर मुर्तकिज़ हैं।

www.dawateislami.net

रास्ते में अ़ब्दुल्लाह बिन मुती़अ़ رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ मिले, अ़र्ज़ की : "कहां का क़स्द फ़रमा दिया ?" फ़रमाया : "फ़िलहाल मक्का का।" अ़र्ज़ की : "कूफ़े का अ़ज़्म न फ़रमाया जाए, वोह बड़ा बे ढंगा शहर है, वहां आप के वालिदे माजिद शहीद हुवे, आप के भाई से दग़ा की गई, आप मक्के के सिवा कहीं का इरादा न फ़रमाएं, अगर आप शहीद हो जाएंगे तो ख़ुदा की क़सम ! हमारा ठिकाना न लगा रहेगा, हम सब ग़ुलाम बना लिये जाएंगे।" बिल आख़िर हुज़ूर मक्का पहुंच कर सातवीं ज़िल हिज्जा तक अम्नो अमान के साथ क़ियाम फ़रमा रहे। (الکامل فی التاریخ ، ذکر الخبر عن مراسلة الکوفیین...الخ،ج۳،ص۳۸۱)

कूफ़ियों की शरारत और इमामे मुस्लिम की शहादत

जब अह्ले कूफ़ा को यज़ीद ख़बीस की तख़्त नशीनी और इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ से बैअ़त त़लब किये जाने और इमाम के मदीना छोड़ कर मक्के तशरीफ़ ले आने की ख़बर पहुंची, फ़रेब देही व अ़य्यारी की पुरानी रविश याद आई। सुलैमान बिन सरद ख़ुज़ाई के मकान पर जम्अ़ हुवे, हम मश्वरा हो कर अ़र्ज़ी लिखी कि तशरीफ़ लाइये और हम को यज़ीद के ज़ुल्म से बचाइये। डेढ़ सो अ़र्ज़ियां जम्अ़ हो जाने पर इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने तह़रीर फ़रमाया कि "अपने मो'तमद चचाज़ाद भाई मुस्लिम बिन अ़क़ील رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ को भेजता हूं, अगर येह तुम्हारा मुआ़मला ठीक देख कर इत्तिलाअ़ देंगे तो हम जल्द तशरीफ़ लाएंगे।"

ह़ज़रते मुस्लिम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ कूफ़ा पहुंचे, इधर कूफ़ियों ने इमाम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) के हाथ पर बैअ़त करने और इमाम को मदद देने का वा'दा किया, बल्कि अठ्ठारह हज़ार दाख़िले बैअ़त भी हो गए और ह़ज़रते मुस्लिम को यहां तक बातों में ले कर इत़मीनान दिलाया कि उन्हों ने इमाम को तशरीफ़ लाने की निस्बत लिखा।

www.dawateislami.net

उधर यज़ीदे पलीद को कूफ़ियों ने ख़बर दी कि "**हुसैन** ने मुस्लिम को भेजा है । कूफ़ा के ह़ाकिम नो'मान बिन बशीर (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا) इन के साथ नर्मी का बरताव करते हैं, कूफ़ा का भला मन्ज़ूर है तो अपनी त़रह़ कोई ज़बरदस्त ज़ालिम भेज ।"

उस ने अ़ब्दुल्लाह इब्ने ज़ियाद को ह़ाकिम बना कर रवाना किया और कहा कि "मुस्लिम को शहीद करे या कूफ़ा से निकाल दे ।" जब येह मरदक कूफ़ा पहुंचा इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के हमराह अठ्ठारह हज़ार की जमाअ़त पाई, अमीरों को धमकाने पर मुक़र्रर किया, किसी को धमकी दी, किसी को लालच से तोड़ा । यहां तक कि थोड़ी देर में इमाम मुस्लिम के पास सिर्फ़ तीस आदमी रह गए । मुस्लिम येह देख कर मस्जिद से बाहर निकले कि कहीं पनाह लें । जब दरवाज़े से बाहर आए, एक भी साथ न था । اِنَّالِلّٰہِ وَاِنَّااِلَیْہِ رٰجِعُوْنَ । आख़िर एक घर में पनाह ली । इब्ने ज़ियाद ने येह ख़बर पा कर फ़ौज भेजी, जब इमाम मुस्लिम को आवाज़े पहुंचीं, तल्वार ले कर उठे और इन रूबाह मन्शों को मकान से बाहर निकाल दिया, कुछ देर बा'द फिर जम्अ़ हो कर आए, शेरे ख़ुदा का भतीजा फिर तेग़ बकफ़ उठा और आन की आन में इन शग़ालों को परेशान कर दिया, कई बार ऐसा ही हुवा जब इन ना मर्दों का इस अकेले मर्दे ख़ुदा पर कुछ बस न चला, मजबूर हो कर छतों पर चढ़ गए । पथ्थर और आग के लोके फैंकने शुरूअ़ किये, शेरे मज़्लूम का तन इन ज़ालिमों के पथ्थरों से ख़ूना ख़ून था, मगर वोह तेग़े बरकफ़ व कफ़ बरलब ह़म्ला फ़रमाता बाहर निकला, और राह में जो गुरौह खड़े थे उन पर इ़क़ाबे अ़ज़ाब की त़रह़ टूटा । जब येह ह़ालत देखी, इब्ने अशअ़स ने कहा कि "आप (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) के लिये अमान है न आप क़त्ल किये जाएं न कोई गुस्ताख़ी हो ।" मुस्लिम मज़्लूम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ थक कर दीवार से पीठ लगा कर बैठ

www.dawateislami.net

गए, ख़च्चर सुवारी के लिये हाज़िर हुवा। उस पर सुवार किये गए। एक ने तल्वार हुज़ूर के हाथ से ले ली, फ़रमाया : "येह पहला मक्र है।" इब्ने अशअ़स ने कहा : "कुछ ख़ौफ़ न कीजिये।" फ़रमाया : वोह अमान किधर गई। फिर रोने लगे। एक शख़्स बोला : तुम जैसा बहादुर और रोए। फ़रमाया : अपने लिये नहीं रोता हूं, रोना **हुसैन** और आले **हुसैन** का है कि वोह तुम्हारे इत़मीनान पर आते होंगे और उन्हें इस मक्र व बद अ़हदी की ख़बर नहीं।" फिर इब्ने अशअ़स से फ़रमाया : "मैं देखता हूं कि तुम मुझे पनाह देने से आ़जिज़ रहोगे और तुम्हारी अमान काम न देगी, अगर हो सके तो इतना करो कि अपने पास से कोई आदमी इमामे **हुसैन** के पास भेज कर मेरे हाल की इत्तिलाअ़ दे दो कि वोह वापस जाएं और कूफ़ियों के फ़रेब में न आएं।"

जब मुस्लिम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ इब्ने ज़ियादे बद निहाद के पास लाए गए, इब्ने अशअ़स ने कहा : मैं इन्हें अमान दे चुका हूं। वोह ख़बीस बोला : "तुझे अमान देने से क्या तअ़ल्लुक़? हम ने तुझे इन के लाने को भेजा था न कि अमान देने को।" इब्ने अशअ़स चुप रहे, मुस्लिम इस शिद्दते मेहनत और ज़ख़्मों की कसरत में प्यासे थे। ठन्डे पानी का एक घड़ा देखा, फ़रमाया : "मुझे इस में से पिला दो।" इब्ने अ़म्र बाहिली बोला : "देखते हो कैसा ठन्डा है, तुम इस में से एक बूंद न चखने पाओगे, यहां तक कि مَعَاذَاللّٰہِ عَزَّوَجَلَّ जहन्नम में आबे गर्म पियो।"

इमामे मुस्लिम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने फ़रमाया : "ओ संगदिल ! दुरुश्त ख़ू ! आबे ह़मीम व नारे जह़ीम का तू मुस्तह़िक़ है।" फिर अ़म्मारा बिन अ़क़्बा को तरस आया, ठन्डा पानी मंगा कर पेश किया, इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने पीना चाहा, पियाला ख़ून से भर गया, तीन बार ऐसा ही हुवा, फ़रमाया : "ख़ुदा को ही मन्ज़ूर नहीं।"

www.dawateislami.net

जब इब्ने ज़ियादे बद निहाद के सामने गए, उसे सलाम न किया वोह भड़का और कहा : तुम ज़रूर क़त्ल किये जाओगे । फ़रमाया : "तू मुझे वसिय्यत कर लेने दे ।" उस ने इजाज़त दी । मुस्लिम मज़्लूम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने अम्र बिन सा'द से फ़रमाया : "मुझ में तुझ में क़राबत है और मुझे तुझ से एक पोशीदा ह़ाजत है । उस संग दिल ने कहा : मैं सुनना नहीं चाहता । इब्ने ज़ियाद बोला : "सुन ले कि येह तेरे चचा की औलाद हैं ।" वोह अलग ले गया, फ़रमाया : "कूफ़ा में, मैं ने सात सो रूपिये क़र्ज़ लिये है वोह अदा कर देना और बा'दे क़त्ल मेरा जनाज़ा इब्ने ज़ियाद से ले कर दफ़्न करा देना और इमामे **हुसैन** (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) के पास किसी को भेज कर मन्अ़ करा भेजना ।" इब्ने सा'द ने इब्ने ज़ियाद से येह सब बातें बयान कर दीं । वोह बोला : "कभी ख़ियानत करने वाले को भी अमानत सिपुर्द की जाती है ? (या'नी इन्हों ने पोशीदा रखने को फ़रमाया, तू ने ज़ाहिर कर दीं) अपने माल का तुझे इख़्तियार है जो चाहे कर और **हुसैन** अगर हमारा क़स्द न करेंगे, हम उन का न करेंगे, वरना हम उन से बाज़ न रहेंगे, रहा मुस्लिम का जनाज़ा, इस में हम तेरी सिफ़ारिश सुनने वाले नहीं ।" फिर हुक्म पा कर जल्लाद ज़ालिम उन्हें बालाए क़स्र ले गया, इमाम मुस्लिम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ बराबर तस्बीह़ व इस्तिग़फ़ार में मश्ग़ूल थे यहां तक कि शहीद किये गए और इन का सर मुबारक यज़ीद के पास भेजा गया ।

(الکامل فی التاریخ،دعوۃ اھل الکوفۃ...الخ،ج۳،ص۳۹۵۔۳۹۷)

इमामे जन्नत मक़ाम मक्का से जाते हैं

पाई न तेग़े इ़श्क़ से हम ने कहीं पनाह
क़ुर्बे ह़रम में भी तो हैं क़ुरबानियों में हम

www.dawateislami.net

सि. 60 हि. का पिछला महीना है और ह़ज का ज़माना, दुन्या के दूर दराज़ हिस्सों से लाखों मुसलमान वत़न छोड़ कर अ़ज़ीज़ों से मुंह मोड़ कर अपने रब جَلَّ جَلَالُهٗ के मुक़द्दस और बर्गुज़ीदा घर की ज़ियारत से मुशर्रफ़ होने ह़ाज़िर आए हैं, दिलों में फ़रह़त ने एक जोश पैदा कर दिया है, और सीनों में सुरूर लहरें ले रहा है कि येही एक रात बीच में है। सुब्ह़ नवीं तारीख़ है और महीनों की मेह़नत वुसूल होने, मुद्दतों के अरमान निकलने का मुबारक दिन है। मुसलमान ख़ानए का'बा के गिर्द फिर फिर कर निसार हो रहे हैं, मक्कए मुअ़ज़्ज़मा में हर वक़्त की चहल पहल ने दिन रोज़े ईद और रात को शबे बराअत का आईना बना दिया है। का'बा का दिलकश बनाव, कुछ ऐसी दिल आवेज़ अदाओं का सामान अपने साथ लिये हुवे है कि लाखों के जमघट में जिसे देखिये शौक़ भरी निगाहों से इसी की त़रफ़ देख रहा है। मा'लूम होता है कि सियाह पर्दे की चिलमन से किसी मह़बूब दिल नवाज़ की प्यारी प्यारी **तजल्लियां** छन छन कर निकल रही हैं, जिन की होशरुबा तासीरों, दिलकश कैफ़िय्यतों ने येह मजलिस आराइयां की हैं। आ़शिक़ाने दिलदादह फ़ुरक़त की मुसीबतें, जुदाई की तकलीफ़ें झेल कर जब ख़ुश क़िस्मती से अपने प्यारे मा'शूक़ के आस्ताने पर ह़ाज़िरी का मौक़अ़ पाते हैं, अदब व शौक़ की उलझन, मसर्रत आमेज़ बे क़रारी की ख़ुश आइन्द तसवीर उन की आंखों के सामने खींच देती है और वोह अपनी चमकती हुई तक़दीर पर त़रह़ त़रह़ से नाज़ करते और बे इख़्तियार कह उठते हैं :

मक़ामे वज्द है ऐ दिल कि कूए यार में आए बड़े दरबार में पहुंचे, बड़ी सरकार में आए

ग़रज़ आज का येह धूमधामी जल्सा जो एक ग़रज़े मुश्तरक के साथ अपने मह़बूब के दरे दौलत पर ह़ाज़िर है, अपनी भरपूर कामयाबी पर इन्तिहा से ज़ियादा मसर्रत ज़ाहिर कर रहा है। मगर इमामे मज़्लूम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के मुक़द्दस चेहरे से मा'लूम होता है कि येह किसी ख़ास वज्ह से इस मज्मअ़ में शरीक नहीं रह सकते या इन

www.dawateislami.net

के सामने से किसी ने पर्दा उठा कर कुछ ऐसा आ़लम दिखा दिया है कि इन की मुक़द्दस निगाह को इस मुबारक मन्ज़र की त़रफ़ देखने और इधर मुतवज्जेह होने की फ़ुरसत ही नहीं। और अगर किसी वक़्त हा़जियों के जमाव की त़रफ़ ह़सरत से देखते और ह़ज्जे नफ़्ल के फ़ौत होने पर इज़्हारे अफ़सोस भी करते हैं तो तक़दीर ज़बाने ह़ाल से कह उठती है कि "**हुसैन** ! तुम ग़मगीन न हो अगर इस साल ह़ज न करने का अफ़सोस है तो मैं ने तुम्हारे लिये ह़ज्जे अक्बर का सामान मुहय्या किया है और कमरे शौक़ पर दामने हिम्मत का मुबारक एह़राम चुस्त बांधो, अगर ह़ाजियों की सअ्य के लिये मक्का का एक नाला मुक़र्रर किया गया है तो तुम्हारे लिये मक्के से करबला तक वसीअ़ मैदान मौजूद है। ह़ाजी अगर ज़मज़म का पानी पियें तो तुम्हें तीन दिन प्यासा रख कर शरबते दीदार पिलाया जाएगा कि पियो तो ख़ूब सैराब हो कर पियो, ह़ाजी बक़र ईद की दसवीं को मक्का में जानवरों की क़ुरबानियां करेंगे, तो तुम मुह़र्रम की दसवीं को करबला के मैदान में अपनी गोद के पालों को ख़ाको ख़ून में तड़पता देखोगे, ह़ाजियों ने मक्का की राह में माल सर्फ़ किया है, तुम करबला के मैदान में अपनी जान और उम्र भर की कमाई लुटा दोगे, ह़ाजियों के लिये मक्का में ताजिरों ने बाज़ार खोला है, तुम फ़ुरात के किनारे दोस्त की ख़ातिर अपनी दुकानें खोलोगे। यहां ताजिर माल फ़रोख़्त करते हैं, वहां तुम जानें बेचोगे, यहां ह़ाजी ख़रीदो फ़रोख़्त को आते हैं, तुम्हारी दुकानों पर तुम्हारा दोस्त जलवा फ़रमाएगा, जो पहले ही इरशाद कर चुका है :

اِنَّ اللّٰهَ اشْتَرٰی مِنَ الْمُؤْمِنِیْنَ اَنْفُسَهُمْ وَ اَمْوَالَهُمْ بِاَنَّ لَهُمُ الْجَنَّةَؕ (1)

*बेशक **अल्लाह** ने मुसलमानों की जानें और माल जन्नत के बदले में मौल ले लिये हैं।* (2)

---

1 ...... القرآن الحكيم ، سورة التوبة : ١١١

2 .... ***तर्जमए कन्ज़ुल ईमान :*** *बेशक **अल्लाह** ने मुसलमानों से उन के माल और जान ख़रीद लिये हैं इस बदले पर कि उन के लिये जन्नत है।* **इल्मिय्या**

www.dawateislami.net

ग़रज़ इन कैफ़ियतों ने कुछ ऐसा अज़ ख़ुद रफ़्ता बना दिया है कि इमामे आ़ली मक़ाम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) ने बक़र ईद की आठवीं तारीख़ कूफ़े का क़स्द फ़रमा लिया, जब येह ख़बर मश्हूर हुई तो उ़मर बिन अ़ब्दुर्रह़मान (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) ने इस इरादे का ख़िलाफ़ किया और जाने से मानेअ़ आए, फ़रमाया : "जो होनी है, हो कर रहेगी।" अ़ब्दुल्लाह इब्ने अ़ब्बास (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا) ने निहायत आ़जिज़ी से रोकना चाहा और अ़र्ज़ की : "कुछ दिनों तअम्मुल फ़रमाइये और इन्तिज़ार कीजिये, अगर कूफ़ी इब्ने ज़ियाद को क़त्ल कर दें और दुश्मनों को निकाल बाहर करें तो जानिये कि नेक निय्यती से बुलाते हैं और अगर वोह इन पर क़ाबिज़ और दुश्मन मौजूद हैं हरगिज़ वोह हुज़ूर को भलाई की त़रफ़ नहीं बुलाते हैं, मैं अन्देशा करता हूं कि येह बुलाने वाले ही मुक़ाबिल आएंगे।" फ़रमाया : "मैं इस्तिख़ारा करूंगा।" अ़ब्दुल्लाह इब्ने अ़ब्बास (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا) फिर आए और कहा : "भाई सब्र करना चाहता हूं मगर सब्र नहीं आता, मुझे इस रवानगी में आप के शहीद होने का अन्देशा है, इराक़ी बद अ़ह्द हैं, उन्हों ने आप के बाप को शहीद किया, आप के भाई का साथ न दिया, आप अह्ले अ़रब के सरदार हैं। अ़रब ही में क़ियाम रखिये या इराक़ियों को लिखिये के वोह इब्ने ज़ियाद को निकाल दें अगर ऐसा हो जाए तशरीफ़ ले जाइये और अगर तशरीफ़ ही ले जाना है तो यमन का क़स्द फ़रमाइये कि वहां क़ल्ए़ हैं घाटियां है, वोह मुल्क वसीअ़ ज़मीन रखता है। फ़रमाया : "भाई ! ख़ुदा की क़सम, मैं आप को नासेह़े मुशफ़िक़ जानता हूं, मगर मैं तो इरादए मुसम्मम कर चुका।" अ़र्ज़ की : "तो बीबियों और बच्चों को तो साथ न ले जाइये।" येह भी मन्ज़ूर न हुवा।

अ़ब्दुल्लाह इब्ने अ़ब्बास رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا हाए प्यारे ! हाए प्यारे ! कह कर रोने लगे। इसी त़रह़ अ़ब्दुल्लाह इब्ने उ़मर ने मन्अ़ किया, न माना, इन्हों ने पेशानी मुबारक पर बोसा दे कर कहा : "ऐ शहीद होने वाले ! मैं तुम्हें ख़ुदा عَزَّوَجَلَّ को सोंपता हूं।"

www.dawateislami.net

यूहीं अ़ब्दुल्लाह इब्ने ज़ुबैर (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا) ने रोका। फ़रमाया : "मैं ने अपने वालिदे माजिद से सुना है कि एक मेंढे के सबब से मक्के की बे हुरमती की जाएगी, मैं पसन्द नहीं करता कि वोह मेंढा मैं बनूं।" जब रवाना हो लिये राह में आप के चचाज़ाद भाई ह़ज़रते अ़ब्दुल्लाह इब्ने जा'फ़र त़य्यार (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا) का ख़त़ मिला। लिखा था, ज़रा ठहरिये मैं भी आता हूं।

ह़ज़रते अ़ब्दुल्लाह رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने अ़म्र बिन सईद ह़ाकिमे मक्का से इमामे मज़्लूम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के लिये एक ख़त़ "अमान और वापस बुलाने का" मांगा, उन्हों ने लिख दिया और अपने भाई यह़या बिन सईद को वापस लाने के लिये साथ कर दिया। दोनों ह़ाज़िर आए और सर से पाउं तक गए कि वापस तशरीफ़ ले चलें, मक़बूल न हुवा। फ़रमाया : "मैं ने रसूलुल्लाह صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم को ख़्वाब में देखा है और मुझे एक हुक्म दिया गया है, इस की ता'मील करूंगा, सर जाए ख़्वाह रहे।" पूछा : "वोह ख़्वाब क्या है ?" फ़रमाया : "जब तक ज़िन्दा हूं किसी से न कहूंगा।" येह फ़रमा कर रवाना हो गए।

(الکامل فی التاریخ،ذکرمسیرالحسین الی الکوفة...الخ،ج۳،ص۳۹۹ ملخصا)

नज़्म

सब ने अ़र्ज़ की, कि शहज़ादए ह़ैदर मत जा — ऐ हुसैन इब्ने अ़ली, सिब्ते पयम्बर मत जा
सदमे वां पहुंचे अ़ली और ह़सन को क्या किया — जाना कूफ़ा का तो हरगिज़ नहीं बेहतर मत जा
ह़क़नुमा आईना है रुख़ तेरा, अन्धे है वोही — ले के अन्धों में येह आईनए सिकन्दर मत जा

www.dawateislami.net

संगे बारां से बचा जामे बिलूरीं अपना ऐसे लोगों में जो पथ्थर से हैं बदतर मत जा
गुले शादाबे नबी अपने चमन से न निकल नाज़नीं फूल है तू कांटों के अन्दर मत जा
चलते हैं सर सरे आफ़ात के मुज़लिम झोंके शम्अ़ रू क़ल्अ़ए फ़ानूस से बाहर मत जा
बू सईद, इब्ने उ़मर, जाबिर व इब्ने अ़ब्बास था येही कलिमा सब अस्हाब के लब पर मत जा
बेदल इस शाह को मक़तल में क़ज़ा ले ही गई कहते सब रह गए ऐ दीन के सरवर मत जा

जब इमाम के भाई इमाम मुहम्मद बिन हनफ़िय्या को रवानगिये इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ की ख़बर पहुंची, तश्त में वुज़ू फ़रमा रहे थे, इस क़दर रोए कि तश्त आंसूओं से भर दिया, इमाम थोड़ी दूर पहुंचे हैं कि फ़रज़दक़ शाइर कूफ़े से आते मिले, कूफ़ियों का हाल पूछा। अ़र्ज़ किया : "ऐ रसूलुल्लाह صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم के जिगर पारे ! उन के दिल हुज़ूर के साथ हैं और उन की तल्वारें बनी उमय्या के साथ, क़ज़ा आस्मान से उतरती है और ख़ुदा जो चाहता है करता है।"

इब्ने ज़ियाद की जानिब से नाकाबन्दी

ग़रज़ इधर तो इमाम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) रवाना हुवे, उधर इब्ने ज़ियादे बद निहाद बानिये फ़साद को येह ख़बर पहुंची, क़ादिसिय्या से ख़फ़ान व कोहे लअ़लअ़ और क़त्क़ताना तक फ़ौज से नाका बन्दियां करा दीं और क़ियामत तक मुसलमानों के दिलों को घाइल करने और कलेजों में घाव डालने की बुन्याद डाल दी। इमामे मज़्लूम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) ने क़ैस बिन मसहर को अपनी तशरीफ़ आवरी की इत्तिलाअ़ देने कूफ़े भेजा, जब येह मरहूम क़ादिसिय्या पहुंचे, इब्ने ज़ियाद के सिपाही गिरिफ़्तार कर के उस ख़बीस के पास ले गए। उस मरदूद ने कहा : "अगर जान की ख़ैर चाहते हो तो इस छत पर चढ़ कर **हुसैन** को गालियां दो।" येह सुन कर वोह ख़ानदाने नबुव्वत का

www.dawateislami.net

फ़िदाई अह्ले बैते रिसालत का शैदाई छत पर गया और **अल्लाह** तबारक व तआ़ला की ह़म्दो सना के बा'द बुलन्द आवाज़ से कहने लगा : "**हुसैन** ! आज तमाम जहान से अफ़्ज़ल हैं, रसूलुल्लाह صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم की साहिबज़ादी फ़ातिमा ज़हरा رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہَا के कलेजे के टुकड़े हैं, मौला अ़ली رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ की आंखों के नूर, दिल के सुरूर हैं, उन का क़ासिद हूं, उन का हुक्म मानो और उन की इत़ाअ़त करो" फिर कहा : इब्ने ज़ियाद और उस के बाप पर ला'नत। आख़िरे कार उस मरदक ने जल कर हुक्म दिया कि छत से गिरा कर शहीद किये जाएं। (الکامل فی التاریخ،ذکر مسیر الحسین الی الکوفۃ،ج۳،ص۴۰۲)

उस वक़्त इस बादए उल्फ़त के मतवाले का बे क़रार दिल, इमामे अ़र्श मक़ाम की त़रफ़ मुंह किये इल्तिजा के लहजे में अ़र्ज़ कर रहा है :

بجرم عشق توام مے کشند غوغائیست[1]
تو نیز بر سر بام آ کہ خوش تماشائیست

﴿ज़हीर बिन क़ैन बजली رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ की मइय्यत﴾

इमामे मज़्लूम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) आगे बढ़े तो राह में ज़हीर बिन क़ैन बजली (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) मिले, वोह ह़ज से वापस आते थे और मौला अ़ली (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) से कुछ कदूरत रखते थे। दिन भर इमाम के साथ रहते, रात को अ़लाहिदा ठहरते। एक रोज़ इमाम ने बुला भेजा, ब कराहत आए, ख़ुदा जाने क्या फ़रमा दिया और किस अदा से दिल छीन लिया कि अब जो वापस आए तो अपना अस्बाब इमाम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) के अस्बाब में रख दिया और साथियों से कहा : जो मेरे साथ रहना चाहे रहे वरना येह मुलाक़ात पिछली

---

1 ..... या'नी तेरे इश्क़ के जुर्म में मुझे क़त्ल कर रहे हैं इस लिये शोरो ग़ोग़ा है तू भी छत पर आ के देख कि बहुत ख़ूबसूरत नज़ारा है।

www.dawateislami.net

मुलाक़ात है, फिर अपना सामान ले आने और इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ के साथ हो जाने का सबब बयान किया कि शहरे बलन्जर पर हम ने जिहाद किया, वोह फ़त्ह हुवा, कसीर ग़नीमतों के मिलने पर हम बहुत ख़ुश हुवे। ह़ज़रते सलमान फ़ारसी (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ) ने फ़रमाया : "जब तुम जवानाने आले मुह़म्मद (صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم) के सरदार को पाओ तो इन के साथ दुश्मन से लड़ने पर इस से ज़ियादा ख़ुश होना। अब वोह वक़्त आ गया, मैं तुम सब को सिपुर्द ब ख़ुदा करता हूं, फिर अपनी बीबी को त़लाक़ दे कर कहा : घर जाओ, मैं नहीं चाहता कि मेरे सबब से तुम को कुछ नुक़्सान पहुंचे।"

(الکامل فی التاریخ،ذکر مسیر الحسین الی الکوفۃ،ج۳،ص۴۰۳)

ख़ुदा जाने इन अच्छी सूरत वालों की अदाओं में किस क़ियामत की कशिश रखी गई है, येह जिसे एक नज़र देख लेते हैं, वोह हर त़रफ़ से टूट कर इन्हीं का हो रहता है। फिर यारों से यारी रहती है न ज़न व फ़रज़न्द की पासदारी। आख़िर येह वोही ज़हीर तो हैं जो मौला अ़ली رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ) से कदूरत रखते और रात को इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ से अ़लाह़िदा ठहरते थे, येह इन्हें क्या हो गया? और किस की अदा ने बाज़ रखा जो अ़ज़ीज़ों का साथ छोड़, औ़रत को त़लाक़ देने पर मजबूर हो कर बे कसी से जान देने और मुसीबतें झेल कर शहीद होने को आमादा हो गए!

﴾इमामे मुस्लिम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ की शहादत की ख़बर﴿

अब येह क़ाफ़िला और बढ़ा तो इब्ने अशअ़स का भेजा हुवा आदमी मिला, जो ह़ज़रते मुस्लिम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ) की वसिय्यत पर अ़मल करने की ग़रज़ से भेजा गया था, उस से ह़ज़रते मुस्लिम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ) की शहादत की ख़बर मा'लूम होने पर बा'ज़ साथियों ने इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ को क़सम दी कि यहीं से पलट चलिये।

www.dawateislami.net

मुस्लिम शहीद (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ) के अ़ज़ीज़ों ने कहा : "हम किसी त़रह़ नहीं पलट सकते, या ख़ूने ना ह़क़ का बदला लेंगे या मुस्लिम मर्हूम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ) से जा मिलेंगे।" इमाम ने फ़रमाया : "तुम्हारे बा'द ज़िन्दगी बेकार है।" फिर जो लोग राह में साथ हो लिये थे उन से इरशाद किया : "कूफ़ियों ने हमें छोड़ दिया, अब जिस के जी में आए पलट जाए हमें कुछ ना गवार न होगा।" येह इस ग़रज़ से फ़रमा दिया कि लोग येह समझ कर हमराह हुवे थे कि इमाम ऐसी जगह तशरीफ़ लिये जाते हैं जहां के लोग दाख़िले बैअ़त हो चुके हैं, येह सुन कर सिवा उन चन्द बुज़ुर्गाने ख़ुदा के जो मक्कए मुअ़ज़्ज़मा से हमराहे रिकाब सआ़दत मआब थे, सब अपनी अपनी राह गए। फिर एक और अ़रबी मिले, अ़र्ज़ की, कि "अब तेग़ो सिनां पर जाना है आप को क़सम है वापस जाइये।" फ़रमाया : "जो ख़ुदा चाहता है हो कर रहता है।" (الکامل فی التاریخ،ذکر مسیر الحسین الی الکوفۃ،ج۳،ص۴۰۳ ملخصاً)

﴿ह़ज़रते ह़ुर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ की आमद﴾

अब इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ मौज़ए़ शराफ़ से आगे बढ़े हैं। येह दोपहर का वक़्त है, यकायक एक साह़िब ने बुलन्द आवाज़ से اَللّٰہُ اَکۡبَر कहा। फ़रमाया : "क्या है ?" कहा : "खजूर के दरख़्त नज़र आते हैं।" क़बीलए बनी असद के दो शख़्सों ने कहा "इस ज़मीन में खजूर कभी न थे।" फ़रमाया : "फिर क्या है ?" अ़र्ज़ की : "सुवार मा'लूम होते हैं।" फ़रमाया : "मेरा भी येही ख़याल है, अच्छा तो यहां कोई पनाह की जगह है कि इसे हम अपनी पुश्त पर ले कर इत्मीनान के साथ दुश्मन से मुक़ाबला कर सकें।" कहा : "हां ! कोहे ज़ौ़हसम, अगर हुज़ूर इन से पहले उस तक पहुंच गए।"

www.dawateislami.net

येह बातें हो रही थीं कि सुवार नज़र आए और इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ सबक़त फ़रमा कर पहाड़ के पास हो लिये, जब वोह और क़रीब आए तो मा'लूम हुवा कि हुर हैं जो एक हज़ार सुवारों पर अफ़्सर बना कर इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ को इब्ने ज़ियादे बद निहाद के पास ले जाने के लिये भेजे गए हैं, उस ठीक दोपहर में अस्हाबे इमाम के सामने उतरे। मालिके कौसर के बेटे ने हुक्म दिया कि "इन्हें और इन के घोड़ों को पानी पिलाओ।" हमराहियाने इमाम ने पानी पिलाया। जब ज़ोहर का वक़्त हुवा, इमाम ने मुअज़्ज़िन को अज़ान का हुक्म दिया, फिर उन लोगों से फ़रमाया : "तुम्हारी त़रफ़ मेरा आना अपनी मर्ज़ी से न हुवा, तुम ने ख़त़ और क़ासिद भेज भेज कर बुलाया, अब अगर इत़मीनान का इक़रार करो, तो मैं तुम्हारे शहर को चलूं वरना वापस जाऊं।" किसी ने जवाब न दिया और मुअज़्ज़िन से कहा : तक्बीर कहो। इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ ने हुर से फ़रमाया : "अपने साथियों को तुम नमाज़ पढ़ाओगे ?" कहा : "नहीं, आप पढ़ाएं और हम सब मुक़्तदी हों। बा'दे नमाज़ हुर, अपने मक़ाम पर गए। इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ ने **अल्लाह** तआ़ला की ता'रीफ़ के बा'द उन लोगों से इरशाद किया : "अगर तुम **अल्लाह** (عَزَّوَجَلَّ) से डरो और ह़क़ को इस के अह्ल के लिये पहचानो तो ख़ुदा तआ़ला की रिज़ामन्दी इसी में है कि हम अह्ले बैत उन ज़ालिमों के मुक़ाबले में उलुल अम्र होने के मुस्तह़िक़ हैं, बई हमा अगर तुम हमें ना पसन्द करो और हमारा ह़क़ न पहचानो और अपने ख़त़ों और क़ासिदों के ख़िलाफ़ हमारे बारे में राए रखना चाहो तो मैं वापस जाऊं।"

हुर ने अ़र्ज़ की : "वल्लाह ! हम नहीं जानते कैसे ख़त़ और कैसे क़ासिद ? इमाम ने दो ख़ूरजियां भरे हुवे ख़त़ निकाल कर सामने डाल दिये। हुर ने कहा : "मैं ख़त़ भेजने वालों में नहीं, मुझे तो येह हुक्म दिया गया है कि जब आप رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ को पाऊं तो कूफ़ा, इब्ने ज़ियाद के पास पहुंचाऊं।" फ़रमाया : "तेरी मौत नज़दीक है

www.dawateislami.net

और येह इरादा दूर।" फिर हमराहियों को हुक्म दिया कि "वापस चलें।" हुर ने रोका। फ़रमाया : "तेरी मां तुझे रोए क्या चाहता है?" कहा : "सुनिये! ख़ुदा की क़सम! आप के सिवा तमाम अ़रब में कोई और येह बात कहता तो मैं उस की मां को बराबर से कहता किसे बाशद, मगर वल्लाह! आप की मां का नामे पाक तो मैं ऐसे मौक़अ़ पर ले ही नहीं सकता।" फ़रमाया : "आख़िर मत़लब क्या है?" अ़र्ज़ की : "इब्ने ज़ियाद के पास हुज़ूर का ले चलना।" फ़रमाया : "तो ख़ुदा की क़सम! मैं तेरे साथ न चलूंगा।" कहा : "तो ख़ुदा की क़सम "आप को न छोड़ूंगा।"

जब बात बढ़ी और हुर ने देखा इमाम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) यूं राज़ी न होंगे और किसी गुस्ताख़ी की निस्बत इन के ईमान ने इजाज़त न दी तो येह अ़र्ज़ की, कि "मैं दिन भर तो हुज़ूर से अ़लाहिदा हो नहीं सकता, हां जब शाम हो तो आप मुझ से औ़रतों की हमराही का उ़ज़्र फ़रमा कर अ़लाहिदा ठहरिये और रात में किसी वक़्त मौक़अ़ पा कर तशरीफ़ ले जाइये, मैं इब्ने ज़ियाद को कुछ लिख भेजूंगा, शायद **अल्लाह** तआ़ला वोह सूरत करे कि मैं किसी बेजा मुआ़मले में मुब्तला होने की जुरअत न कर सकूं।"

(الکامل فی التاریخ،ثم دخلت سنة احدی وستین...الخ،ج۳،ص۴۰۷ملخصاً)

कूफ़ियों की बे वफ़ाई और क़ैस बिन मसहर की शहादत की ख़बर

जब अ़ज़ीबुल हजानात पहुंचे, कूफ़े से चार शख़्स आते मिले, ह़ाल पूछा। मुज्मअ़ बिन उ़बैदुल्लाह आ़मिरी ने अ़र्ज़ की : "शहर के रईसों को भारी रिश्वतों से तोड़ लिया गया और उन की थेलियों को रूपियों अशरफ़ियों से भर दिया गया है। वोह तो एक ज़बान हुज़ूर के मुख़ालिफ़ हो गए। रहे अ़वाम इन के दिल हुज़ूर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ की जानिब झुकते हैं और कल इन्हीं की तल्वारें हुज़ूर पर

www.dawateislami.net

खिंचेंगी ।" फ़रमाया : "मेरे क़ासिद क़ैस का क्या ह़ाल है ? कहा : "क़त्ल किये गए ।" इमाम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ) बे इख़्तियार रो पड़े और फ़रमाया : "कोई अपनी मन्नत पूरी कर चुका और कोई इन्तिज़ार में है, इलाही ! हमें और इन्हें जन्नत में जम्अ़ फ़रमा ।"

त़रमाह़ बिन अ़दी ने अ़र्ज़ की : "आप के साथ गिनती के आदमी हैं अगर हुर की जमाअ़त ही आप से लड़े तो किफ़ायत कर सकती है, न कि वोह जमाअ़त जो चलने से एक दिन पहले मैं ने कूफ़े में देखी थी, जो आप (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ) की त़रफ़ रवानगी के लिये तय्यार है। मैं ने अपनी उ़म्र में इतनी बड़ी फ़ौज कभी न देखी, मैं हुज़ूर को क़सम देता हूं कि अगर इन से एक बालिश्त भर जुदाई की क़ुदरत हो तो इसी क़दर कीजिये और अगर वोह जगह मन्ज़ूर हो जहां بِاِذۡنِ اللّٰہِ تَعَالٰی आराम व इत़्मीनान से क़ियाम फ़रमा कर तदबीर फ़रमाइये तो मेरे साथ कोहे आजा की त़रफ़ चलिये, वल्लाह ! इस पहाड़ के सबब से हम बादशाहाने ग़स्सान व ह़िमयर और नो'मान बिन अल मुन्ज़िर बल्कि अ़रबो अ़जम के सब ह़म्लों से मह़फ़ूज़ रहे ।" हुज़ूर ! वहां ठहर कर आजा और सुलमी के रहने वालों को फ़रमाइये, ख़ुदा की क़सम ! दस दिन न गुज़रेंगे कि क़ौमे त़य के सुवार व पियादे ह़ाज़िरे ख़िदमत होंगे, फिर जब तक मर्ज़ी मुबारक हो हम में ठहरिये और अगर पेश क़दमी का क़स्द हो तो बनी त़य से बीस हज़ार जवान हुज़ूर के हमराह कर देने का मेरा ज़िम्मा है, जो हुज़ूर के सामने तल्वार चलाएंगे और जब तक इन में कोई आंख पलक मारती बाक़ी रहेगी हुज़ूर तक दुश्मन न पहुंच सकेंगे । इरशाद हुवा : "अल्लाह तुम्हें जज़ाए ख़ैर दे, हमारा और कूफ़ियों का कुछ क़ौल हो गया है जिस से हम फिर नहीं सकते ।" येह फ़रमा कर उन्हें रुख़्सत किया ।

(الکامل فی التاریخ،ثم دخلت سنة احدی وستین...الخ،ج۳،ص۴۰۹ ملخصاً)

www.dawateislami.net

इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ का ख़्वाब देखना

इमाम ने राह में एक ख़्वाब देखा, जागे तो **انا للّٰہ وانا الیہ راجعون والحمد للّٰہ رب العالمین** फ़रमाते हुवे उठे। इमाम ज़ैनुल आ़बिदीन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ ने अ़र्ज़ की : "ऐ मेरे बाप ! मैं आप पर कुरबान, क्या बात मुलाहज़ा फ़रमाई ?" फ़रमाया :"ख़्वाब में एक सुवार देखा, कह रहा है, लोग चलते हैं और उन की क़ज़ाएं उन की त़रफ़ चल रही हैं मैं समझा कि हमें हमारे क़त्ल की ख़बर दी जाती है।" ह़ज़रते आ़बिद (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ) ने कहा : "**अल्लाह** आप को कोई बुराई न दिखाए क्या हम ह़क़ पर नहीं ?" फ़रमाया : "ज़रूर हैं।" अ़र्ज़ की : "जब हम ह़क़ पर जान देते और कुरबान होते हैं, तो क्या परवाह है।" फ़रमाया : "**अल्लाह** तुम को उन सब जज़ाओं से बेहतर जज़ा दे जो किसी बेटे को किसी बाप की त़रफ़ से मिले।"

(الکامل فی التاریخ،ثم دخلت سنة احدی وستین...الخ،ج۳،ص۴۱۱ ملخصاً)

इब्ने ज़ियाद की त़रफ़ से इमामे अ़र्श मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ पर सख़्ती का हुक्म

जब नेनवा पहुंचे तो एक सुवार कूफ़े से आता मिला, उस ने हुर को इब्ने ज़ियाद का ख़त़ दिया, लिखा था : "**हुसैन** पर सख़्ती कर, जहां उतरें, मैदान में उतरें, पानी से दूर ठहरें, येह क़ासिद बराबर तेरे साथ रहेगा यहां तक कि मुझे ख़बर दे कि तू ने मेरे हुक्म की क्या ता'मील की।" हुर ने ख़त़ पढ़ कर इमाम से गुज़ारिश की, कि "मुझे येह हुक्म आया है, मैं इस के ख़िलाफ़ नहीं कर सकता कि येह क़ासिद मुझ पर जासूस बना कर भेजा गया है।"

www.dawateislami.net

ज़हीर बिन क़ैन ने अ़र्ज़ की : "ख़ुदा की क़सम ! इस के बा'द जो कुछ आएगा वोह इस से सख़्त तर होगा इस गुरौह का क़िताल हमें आइन्दा आने वालों के क़िताल से आसान है।" इरशाद हुवा : हम इब्तिदा न फ़रमाएंगे। येही बातें हो रही थीं कि आफ़ताब गुरूब हो गया और मुहर्रम की दूसरी रात का चांद अपनी हल्की हल्की रौशनी दिखाने लगा, दोनों लश्कर अ़लाहि़दा अ़लाहि़दा ठहरे।

(الکامل فی التاریخ،ثم دخلت سنة احدی وستین...الخ،ج۳،ص۴۱۱ ملخصاً)

नवासए रसूल की शब में रवानगी

अब मशरिक़ी किनारों से अंधेरा बढ़ता आता है और बज़्मे फ़लक की शमएं रौशन होती जाती हैं, फ़ज़ाएं आ़लम के सय्याह़ और ख़ुदा की आज़ाद मख़्लूक़ परन्द चहचहा चहचहा कर ख़ामोश हो गए हैं, ज़माने की रफ़्तार बताने वाली घड़ी और उ़म्रों का ह़िसाब समझाने वाली जनतरी इस्लामी सिन की तक़्वीम जिसे क़ुदरत के ज़बरदस्त हाथ ने अ़र्ज़ूने क़दीम की ह़द तक पहुंचा दिया है, कुछ अपनी दिलकश अदाएं दिखा कर रू पोश हो गई, तारीकियों का रंग अब और भी गहरा हो गया है। निगाहें जो तक़रीबन दो घन्टे पहले दुन्या की वसीअ़ आबादी में दूर की चीज़ों को ब इत़मीनाने तमाम देखती और परख सकती थीं, अब येह थोड़े फ़ासिले पर भी काम देने में उलझती बल्कि नाकाम रह जाती हैं और अगर कुछ नज़र भी आ जाता है तो रात की सियाह चिलमन इसे साफ़ मा'लूम होने से रोकती है। वक़्त के ज़ियादा गुज़रने और बोलचाल के मौक़ूफ़ हो जाने ने सन्नाटा पैदा कर दिया है, रात और भी भयानक हो गई है। शब बेदार सितारों की आंखें झुकी पड़ती हैं, सोने वाले लम्बियां ताने सो रहे हैं, नींद का जादू ज़माने पर चल गया है, हुर के लश्कर से नफ़ीरे ख़्वाब बुलन्द हुई है, इमामे जन्नत मक़ाम जिन्हों ने इतनी रात इसी मौक़अ़

www.dawateislami.net

के इन्तिज़ार में जाग जाग कर गुज़ारी है, कूच की तय्यारियां फ़रमा रहे हैं अस्बाब जो शाम से बन्धा रखा था बार किया गया और औ़रतों बच्चों को सुवार कराया गया है । अब येह मुक़द्दस क़ाफ़िला इस अंधेरी रात में फ़क़त् इस आसरे पर रवाना हो गया है कि रात ज़ियादा है दुश्मन सोते रहेंगे और हम इन से सुब्ह् होने तक बहुत दूर निकल जाएंगे, बाक़ी रात चलते और सुवारियों को तेज़ चलाते गुज़री ।

मैदाने करबला में आमद

अब तक़दीर की ख़ूबियां देखिये कि मज़्लूमों को सुब्ह् होती है तो कहां, करबला के मैदान में । येह मुह़र्रम सि. 61 हि. की दूसरी तारीख़् और पंज शम्बा का दिन है । अ़म्र बिन सा'द अपना लश्कर ले कर इमाम के मुक़ाबले पर आ गया है, इस बदबख़्त को इब्ने ज़ियादे बद निहाद ने कुफ़्फ़ारे दैलम के जिहाद पर मुक़र्रर किया । और फ़त्ह् के सिले में हुकूमत "रै" का फ़रमान लिख दिया था । इमामे मज़्लूम की ख़बर पाई, बद नसीब की निय्यत बदी पर आई, बुला कर कहा कि : "उधर का क़स्द मुल्तवी रख, पहले **हुसैन** से मुक़ाबिल हो । फ़ारिग़् हो कर उधर जाना । कहा : मुझे मुआ़फ़ करो । कहा : बेहतर मगर इस शर्त् पर कि हमारा नविश्ता वापस दे । उस ने एक दिन की मोहलत मांग कर अह़बाब से मश्वरा किया, सब ने मुमानअ़त की और इस के भांजे ह़म्ज़ा बिन मुग़ीरा बिन शा'बा ने कहा : "ऐ मामूं ! मैं तुझे ख़ुदा की क़सम देता हूं कि **हुसैन** से मुक़ाबला कर के गुनाहगार न होगा । **अल्लाह** की क़सम ! अगर सारी दुन्या तेरी सल्त़नत में हो तो इसे छोड़ना इस से आसान है कि तू ख़ुदा से **हुसैन** का क़ातिल हो कर मिले ।" कहा : "न जाऊंगा ।" मगर नापाक दिल में तरद्दुद रहा, रात को आवाज़ आई, कोई कहता है :

www.dawateislami.net

اَ اَتْرُكُ مُلْكَ الرَّيّ وَالرَّيّ رَغْبَة   اَم اَرْجِعُ مَذْمُوماً بِقَتْلِ حُسَيْن
وَفِي قَتْلِهِ النَّارُ الَّتِي لَيْسَ دُوْنَهَا   حِجَاب وَ مُلْكُ الرَّيّ قُرَّةُ عين

कहा : रै की हुकूमत छोड़ दूं ! और वोह बड़ी मरग़ूब चीज़ है या क़त्ले **हुसैन** رَضِيَ اللّٰهُ تعَالٰى عَنْهُ की मज़म्मत गवारा करूं और उन के क़त्ल में वोह आग है जिस की रोक नहीं और रै की सल्तनत आंखों की ठन्डक है। (الكامل فی التاريخ،ثم دخلت سنة احدى وستين...الخ،ج٣،ص٤١٢ ملخصاً)

﴾इमामे मज़्लूम رَضِيَ اللّٰهُ تعَالٰى عَنْهُ पर पानी बन्द होना﴿

आख़िर क़त्ले इमामे मज़्लूम ही पर राए क़रार पाई, बे दीन ने اَلدِّيْنُ مَزْرَعَةُ الدُّنْيَا (1) की ठहराई। फ़ुरात के घाटों पर पान सौ सुवार भेज कर, साक़िये कौसर صَلَّى اللّٰه تعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم के बेटे पर पानी बन्द किया। एक रात इमाम ने बुला भेजा, दोनों लश्करों के बीच में हाज़िर आया। देर तक बातें रहीं, इमाम ने समझाया कि "अहले बातिल का साथ छोड़।" कहा : "मेरा घर ढाया जाएगा।" फ़रमाया : "इस से बेहतर बनवा दूंगा।" कहा : "मेरी जाईदाद छिन जाएगी।" इरशाद हुवा : "इस से अच्छी अ़ता फ़रमाऊंगा।"

(الكامل فی التاريخ،ثم دخلت سنة احدى وستين...الخ،ج٣،ص٤١٣ ملخصاً)

﴾इब्ने सा'द का इब्ने ज़ियाद को ख़त़ और शिमर का इमाम के ख़िलाफ़ वरग़लाना﴿

तीन चार रात येही बातें रहीं, जिन का असर इस क़दर हुवा कि इब्ने सा'द ने एक सुल्ह़ आमेज़ ख़त़ इब्ने ज़ियाद को लिखा कि "**हुसैन** चाहते हैं या तो मुझे वापस जाने दो या यज़ीद के पास ले चलो या किसी इस्लामी सरह़द पर चला जाऊं, इस में तुम्हारी मुराद ह़ासिल है।" ह़ालांकि इमाम ने यज़ीदे पलीद के पास जाने को हरगिज़ न फ़रमाया था, इब्ने ज़ियाद ने ख़त़ पढ़ कर कहा : "बेहतर है।"

---

(1)...... दीन दुन्या की खेती है। सच है :

ع खुदा जब अ़क़्ल लेता है ह़माक़त आ ही जाती है।

www.dawateislami.net

शिमर ज़िलजौशन ख़बीस बोला : क्या येह बातें माने लेता है ? ख़ुदा की क़सम ! अगर **हुसैन** رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ बे तेरी इताअ़त किये चले गए तो उन के लिये इ़ज़्ज़त व कुव्वत होगी और तेरे वासिते ज़ो'फ़ व ज़िल्लत, यूं नहीं बल्कि तेरे हुक्म से जाएं, अगर तू सज़ा दे तो मालिक है और अगर मुआ़फ़ करे तो तेरा एह़सान है, मैं ने सुना है कि **हुसैन** और इब्ने सा'द में रात रात भर बातें होती हैं।" इब्ने ज़ियाद ने कहा : "तेरी राए मुनासिब है तू मेरा ख़त इब्ने सा'द के पास ले जा अगर वोह मान ले तो उस की इताअ़त करना वरना तू सरदारे लश्कर है और इब्ने सा'द का सर काट कर मेरे पास भेज देना।" फिर इब्ने सा'द को लिखा कि "मैं ने तुझे **हुसैन** की त़रफ़ इस लिये भेजा था कि तू इन से दस्तकश हो या उम्मीद दिलाए और ढील दे या उन का सिफ़ारिशी बने, देख ! **हुसैन** से मेरी फ़रमां बरदारी के लिये कह, अगर मान लें तो मुत़ीअ़ बना कर यहां भेज दे वरना उन्हें और उन के साथियों को क़त्ल कर, अगर तू हमारा हुक्म मानेगा तो तुझे फ़रमां बरदारी का इन्आ़म मिलेगा वरना हमारा लश्कर शिमर के लिये छोड़ दे।"

जब शिमर ने ख़त लिया तो अ़ब्दुल्लाह इब्ने अबिल महल बिन ह़िज़ाम इस के साथ साथ उस की फूफी उम्मुल बनीन बिन्ते ह़िज़ाम मौला अ़ली كَرَّمَ اللّٰہُ تَعَالٰی وَجْہَہُ الْکَرِیْم की ज़ौजा और पिसराने मौला अ़ली, ह़ज़रते अ़ब्बास व उ़स्मान व अ़ब्दुल्लाह व जा'फ़र की वालिदा थीं, उस ने इब्ने ज़ियाद से अपने उन फूफीज़ाद भाइयों के लिये अमान मांगी, उस ने लिख दी। वोह ख़त उस ने उन साह़िबों के पास भेजा, उन्हों ने फ़रमाया : "हमें तुम्हारी अमान की ह़ाजत नहीं, इब्ने सुमय्या की अमान से **अल्लाह** तआ़ला की अमान बेहतर है।"

(الکامل فی التاریخ،ثم دخلت سنة احدی وستین...الخ،ج۳،ص۴۱۴ملخصاً)

www.dawateislami.net

शिमर की इब्ने सा'द के पास आमद

जब शिमर ने इब्ने सा'द को इब्ने ज़ियादे बद निहाद का ख़त दिया, उस ने कहा : "तेरा बुरा हो, मेरा ख़याल है कि तू ने इब्ने ज़ियाद को मेरी तहरीर पर अमल करने से फेर कर काम बिगाड़ दिया, मुझे सुल्ह हो जाने की पूरी उम्मीद थी, हुसैन तो हरगिज़ इताअ़त क़बूल करेंगे ही नहीं। ख़ुदा की क़सम ! इन के बाप का दिल इन के पहलू में रखा हुवा है।" शिमर ने कहा : "अब तू क्या करना चाहता है ?" बोला : "जो इब्ने ज़ियाद ने लिखा।" शिमर ने अ़ब्बास और उन के हक़ीक़ी भाइयों को बुला कर कहा : "ऐ भांजो ! तुम्हें अमान है।" वोह बोले : "अल्लाह की ला'नत तुझ पर और तेरी अमान पर, मामूं बन कर हमें अमान देता है और रसूलुल्लाह صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم के बेटे को अमान नहीं।"

(الکامل فی التاریخ،ثم دخلت سنة احدی و ستین...الخ،ج۳،ص٤١٤ ملخصاً)

ख़्वाब में जद्दे करीम صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم की तशरीफ़आवरी

येह पंज शम्बा की शाम और मोहर्रम सि. 61 हिजरी की नवीं तारीख़ है। इस वक़्त सरदारे जवानाने जन्नत के मुक़ाबले में जहन्नमी लश्कर को जुम्बिश दी गई है और वोह मैए शहादत का मतवाला, हैदरे कच्छार का शेर, ख़ैमए अतहर के सामने तेग़ बकफ़ जलवा फ़रमा है। आंख लग गई है, ख़्वाब में अपने जद्दे करीम عَلَیْہِ اَفْضَلُ الصَّلٰوۃِ وَالتَّسْلِیْم को देखा है कि अपने लख़्ते जिगर के सीने पर दस्ते अक़दस रखे फ़रमा रहे हैं "اَللّٰھُمَّ اَعْطِ الْحُسَیْنَ صَبْرًاوَّاَجْرًا" इलाही ! हुसैन को सब्रो अज्र अ़ता कर। और इरशाद होता है कि "अब अ़न क़रीब हम से मिला चाहते हो और अपना रोज़ा हमारे पास आ कर इफ़्तार किया चाहते हो।" जोशे मसर्रत में इमाम की आंख खुल गई, मुलाहज़ा फ़रमाया कि दुश्मन हम्ला आवरी का क़स्द कर रहे हैं, जुमुआ़ के ख़याल

www.dawateislami.net

और पसमांदों को वसिय्यत करने की ग़रज़ से इमाम ने एक रात की मोहलत चाही। इब्ने सा'द ने मश्वरा लिया। अम्र बिन ह़ज्जाज ज़ुबेदी ने कहा : "अगर दैलम के काफ़िर भी तुम से एक रात की मोहलत मांगते तो देनी चाहिये थी।" ग़रज़ मोहलत दी गई।

﴿लश्करे इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ की त़रफ़ से मुक़ाबले की तय्यारी﴾

यहां येह कारवाई हुई कि सब ख़ैमे एक दूसरे के क़रीब कर दिये गए, त़नाबों से त़नाबें मिला दीं, ख़ैमों के पीछे ख़न्दक़ खोद कर नरकल वग़ैरा ख़ुश्क लकड़ियों से भर दी। अब मुसलमान इन कामों से फ़ारिग़ हो कर इमाम की ख़िदमत में ह़ाज़िर हुवे हैं और इमाम अपने अह्ल और साथियों से फ़रमा रहे हैं : "सुब्ह़ हमें दुश्मनों से मिलना है, मैं ने ब ख़ुशी तमाम तुम सब को इजाज़त दी, अभी रात बाक़ी है जहां जगह पाओ चले जाओ और एक एक शख़्स मेरे अह्ले बैत से एक एक को साथ ले जाओ, **अल्लाह** तुम सब को जज़ाए ख़ैर दे, दीहात व बलाद में मुतफ़र्रिक़ हो जाओ यहां तक की **अल्लाह** तआ़ला बला टाले, दुश्मन जब मुझे पाएंगे, तुम्हारा पीछा न करेंगे।" येह सुन कर इमाम के भाइयों, साह़िबज़ादों, भतीजों और अ़ब्दुल्लाह इब्ने जा'फ़र के बेटों ने अ़र्ज़ की : "येह हम किस लिये करें ? इस लिये कि आप के बा'द ज़िन्दा रहें ? **अल्लाह** हमें वोह मन्हूस दिन न दिखाए कि आप न हों और हम बाक़ी हों !"

मुस्लिम शहीद رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के भाइयों से फ़रमाया गया : "तुम्हें मुस्लिम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ही का क़त्ल होना काफ़ी है। मैं इजाज़त देता हूं, तुम चले जाओ।" अ़र्ज़ की : और हम लोगों से जा कर क्या कहें ? येह कहें कि "अपने सरदार, अपने आक़ा, अपने सब से बेहतर भाई को दुश्मनों के नरग़े में छोड़ आए हैं ? न उन के साथ तीर फैंका, न नेज़ा मारा, न तल्वार चलाई और हमें ख़बर नहीं कि हमारे चले

www.dawateislami.net

आने के बा'द उन पर क्या गुज़री ? ख़ुदा की क़सम ! हम हरगिज़ ऐसा न करेंगे बल्कि अपनी जानें, अपने बाल बच्चे तुम्हारे क़दमों पर फ़िदा कर देंगे, तुम पर क़ुरबान हो कर मर जाएंगे अल्लाह उस ज़िन्दगी का बुरा करे जो तुम्हारे बा'द हो।"

خوشا[1] حالے کہ گردم گردِ کویت

رخے بر خوں گریباں پارہ پارہ

मुस्लिम बिन औसजा असदी ने अ़र्ज़ की : क्या हम हुज़ूर को छोड़ कर चले जाएं और अभी हम ने हुज़ूर का कोई हक़ अदा कर के अल्लाह के सामने मा'ज़िरत की जगह न पैदा की, ख़ुदा की क़सम ! मैं तो आप का साथ न छोड़ूंगा, यहां तक कि अपना नेज़ा दुश्मनों के सीने में तोड़ दूं और जब तक तल्वार मेरे हाथ मैं रहे, वार किये जाऊं, ख़ुदा गवाह है अगर मेरे पास हथयार भी न होते तो मैं पथ्थर मारता, यहां तक कि आप के साथ मारा जाता।" इसी त़रह़ और सब साथियों ने भी गुज़ारिश की। अल्लाह عَزَّوَجَلَّ इन सब को जज़ाए ख़ैर दे। (الکامل فی التاریخ، ثم دخلت سنة احدی وستین...الخ، ج۳، ص۴۱۴ ملخصاً) और जन्नतुल फ़िरदौस में इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ का साथ और इन के जद्दे करीम عَلَیْہِ الصَّلٰوۃُ والتسلیم का साया अ़त़ा फ़रमाए और दुन्या व आख़िरत, क़ब्रो ह़श्र में हमें इन के बरकात से बहरा मन्दी बख़्शे। اٰمین اٰمین یا ارحم الراحمین

इसी रात में इमाम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) ने कुछ ऐसे शे'र पढ़े जिन का मज़मून ह़सरत व बे कसी की तस्वीर आंखों के सामने खींच दे, ज़माना सुब्हो शाम ख़ुदा जाने कितने दोस्तों और अ़ज़ीज़ों को

---

1 ..... वोह समां बहुत अच्छा होगा जब मैं तेरे कूचे के इर्द गिर्द फिरूंगा इस ह़ालत में कि मेरा चेहरा ख़ून आलूदा और गिरेबान टुकड़े टुकड़े होगा।

www.dawateislami.net

क़त्ल करता है और जिसे क़त्ल करना चाहता है उस के बदले में दूसरे पर राज़ी नहीं होता । होने वाले वाक़िए की ख़बर देने वाली दिल ख़राश आवाज़ हज़रते ज़ैनब (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہَا) के कान में पहुंची, सब्र न हो सका, बे ताब हो कर चिल्लाती हुई दौड़ीं, "काश ! इस दिन से पहले मुझे मौत आ गई होती, आज मेरी मां फ़ातिमा का इन्तिक़ाल होता है, आज मेरे बाप अ़ली दुन्या से गुज़रते हैं, आज मेरे भाई ह़सन का जनाज़ा निकलता है, ऐ **हुसैन** ! ऐ गुज़रे हुवों की निशानी और पसमांदों की जाए पनाह !" फिर ग़श खा कर गिर पड़ीं। اَللّٰہُ اَکۡبَر ! आज मालिके कौसर के घर में इतना पानी भी नहीं कि बे होश बहन के मुंह पर छिड़का जाए । जब होश आया तो फ़रमाया : "ऐ बहन ! **अल्लाह** से डरो और सब्र करो, जान लो सब ज़मीन वालों को मरना और सब आस्मान वालों को गुज़रना है, **अल्लाह** के सिवा सब को फ़ना है । मेरे बाप, मेरी मां, मेरे भाई (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُم) मुझ से बेहतर थे । हर मुसलमान को रसूलुल्लाह صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم की राह चलनी चाहिये ।"

(الکامل فی التاریخ،ثم دخلت سنة احدی و ستین...الخ،ج۳،ص٤١٦ ملخصاً)

अब क़ियामत क़ाइम होती है

बहारों पर हैं आज आराइशें गुलज़ारे जन्नत की
सुवारी आने वाली है शहीदाने महब्बत की

खुले हैं गुल बहारों पर है फुलवाड़ी जराह़त की
फ़ज़ा हर ज़ख़्म के दामन से वाबस्ता है जन्नत की

गला कटवा के बेड़ी काटने आए हैं उम्मत की
कोई तक़दीर तो देखे असीराने मुसीबत की

www.dawateislami.net

शहीदे नाज़ की तफ़रीह़ ज़ख़्मों से न क्यूं कर हो
हवाएं आती हैं उन खिड़कियों से बाग़े जन्नत की
करम वालों ने दर खोला तो रह़मत का समां बांधा
कमर बांधी तो क़िस्मत खोल दी फ़ज़्ले शहादत की
अ़ली के प्यारे ख़ातूने क़ियामत के जिगर पारे
ज़मीं से आस्मां तक धूम है उन की सियादत की
ज़मीने करबला पर आज मजमअ़ है ह़सीनों का
जमी है अन्जुमन रौशन है शमएं नूरो त़लअ़त की
येह वोह शमएं नहीं जो फूंक दें अपने फ़िदाई को
येह वोह शमएं नहीं रो कर जो काटें रात आफ़त की
येह वोह शमएं हैं जिन से जान ताज़ा पाएं परवाने
येह वोह शमएं हैं जो हंस कर गुज़ारें शब मुसीबत की
येह वोह शमएं नहीं जिन से फ़क़त़ इक घर मुनव्वर हो
येह वोह शमएं हैं जिन से रूह़ हो काफ़ूर ज़ुल्मत की
दिले हूरो मलाइक रह गया ह़ैरत ज़दा हो कर
कि बज़्मे गुल-रखां में ले बलाएं किस की सूरत की
जुदा होती हैं जानें जिस्म से जानां से मिलते हैं
हुई है करबला में गर्म मजलिस वस्लो फ़ुर्क़त की
इसी मन्ज़र पे हर जानिब से लाखों की निगाहें हैं
इसी आ़लम को आंखें तक रही हैं सारी ख़ल्क़त की

www.dawateislami.net

हुवा छिड़काव पानी की जगह अश्के यतीमां से
बजाए फ़र्श आंखें बिछ गईं अह्ले बसीरत की

हवाए यार ने पंखे बनाए पर फ़िरिश्तों के
सबीलें रखी हैं दीदार ने ख़ुद अपने शरबत की

उधर अफ़लाक से लाए फ़िरिश्ते हार रह़मत के
इधर साग़र लिये हूरें चली आती हैं जन्नत की

सजे हैं ज़ख़्म के फूलों से वोह रंगीन गुलदस्ते
बहारे ख़ुशनुमाई पर है सदक़े रूह़ जन्नत की

हवाएं गुलशने फ़िरदौस से बस बस कर आती हैं
निराले इत्र में डूबी हुई है रूह़ नकहत की

दिल पर सोज़ के सुलगे अगर सोज़ ऐसी कसरत से
कि पहुंची अ़र्श व त़यबा तक लपट सोज़े मह़ब्बत की

उधर चिलमन उठी ह़सन अज़ल के पाक जलवों से
इधर चमकी तजल्ली बदरे ताबाने रिसालत की

ज़मीने करबला पर आज ऐसा ह़श्र बरपा है
कि खिंच खिंच कर मिटी जाती हैं तस्वीरें क़ियामत की

घटाएं मुस्त़फ़ा के चांद पर घिर घिर कर आती हैं
सियह काराने उम्मत तेरा बख़्ताने शक़ावत की

येह किस के ख़ून के प्यासे हैं उस के ख़ून के प्यासे
बुझेगी प्यास जिस से तिश्ना कामाने क़ियामत की

www.dawateislami.net

अकेले पर हज़ारों के हज़ारों वार चलते हैं
मिटा दी दीन के हमराह इ़ज़्ज़त शर्मो ग़ैरत की

मगर शेरे ख़ुदा का शेर जब बिफ़रा ग़ज़ब आया
परे टोटे नज़र आने लगी सूरत हज़ीमत की

कहा येह बोसा दे कर हाथ पर जोशे दिलेरी ने
बहादुर आज से खाएंगे क़समें इस शुजाअ़त की

तसद्दुक़ हो गई जाने शुजाअ़त सच्चे तेवर के
फ़िदा शेराने ह़म्लों की अदा पर रूह़ जुरअत की

न होते गर **ह़ुसैन** इब्ने अ़ली इस प्यास के भूके
निकल आती ज़मीने करबला से नह्र जन्नत की

मगर मक़सूद था प्यासा गला ही इन को कटवाना
कि ख़्वाहिश प्यास से बढ़ती रहे रूयत के शरबत की

शहीदे नाज़ रख देता है गर्दन आबे ख़न्जर पर
जो मौजें बाढ़ पर आ जाती हैं दरयाए उल्फ़त की

येह वक़्ते ज़ख़्म निकला ख़ून उछल कर जिस्मे अ़त्हर से
कि रौशन हो गई मशअ़ल शबिस्ताने महब्बत की

सरे बे तन तने आसानी को शहरे त़यबा में पहुंचा
तने बे सर को सरदारी मिली मुल्के शहादत की

ह़सन सुन्नी है फिर इफ़रात़ो तफ़रीत़ इस से क्यूं कर हो
अदब के साथ रहती है रविश अरबाबे सुन्नत की

www.dawateislami.net

दस मुहर्रमुल हराम और ख़ानदाने रिसालत पर ज़ुल्मो सितम का आग़ाज़

रोज़े आ़शूरा की सुब्हे जां गुज़ा आती और जुमए की सह़रे मेह़शर ज़ामुह़ दिखाती है । इमामे अ़र्श मक़ाम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) ख़ैमए अत़हर से बरआमद हो कर अपने बहत्तर साथियों, बत्तीस सुवारों, चालीस पियादों का लश्कर तरतीब दे रहे हैं। दाहिने बाज़ू पर ज़हीर बिन क़ैन, बाएं पर ह़बीब बिन मुज़हर[1] (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) सरदार बनाए गए और निशान बरदारी पर ह़ज़रते अ़ब्बास (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) मुक़र्रर फ़रमाए गए हैं और हुक्म दिया गया है कि ख़न्दक़ की लकड़ियों में आग दे दी जाए कि दुश्मन इधर से राह न पाएं। इस इन्तिज़ाम के बा'द इमामे जन्नत मक़ाम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) तहिय्यए शहादत के वासिते पाकी लेने तशरीफ़ ले गए। अ़ब्दुर्रह़मान बिन अ़ब्दे रबह, यज़ीद बिन ह़सीन हमदानी (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا) ख़ैमे के दरवाज़े पर मुन्तज़िर हैं कि बा'द फ़रागे़ इमाम ख़ुद भी येह सुन्नत अदा करें। इब्ने ह़सीन ने अ़ब्दुर्रह़मान से कुछ हंसी की बात कही, वोह बोले : "येह हंसी का क्या मौक़अ़ है?" कहा : "ख़ुदा गवाह है मेरी क़ौम भर को मा'लूम है कि जवानी में भी कभी मेरी हंसी की आ़दत न थी, इस वक़्त मैं उस चीज़ के सबब से ख़ुश हो रहा हूं जो अभी मिला चाहती है। तुम उस लश्कर को देखते हो जो हमारे मुक़ाबले के लिये तुला खड़ा है, ख़ुदा की क़सम हम में और ह़ूरों की मुलाक़ात में इतनी ही देर बाक़ी है कि येह तल्वारें ले कर हम पर झुक पड़ें।"

इमामे जन्नत मक़ाम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) बाहर तशरीफ़ लाए और नाक़ा पर सुवार हो कर इतमामे ह़ुज्जत के लिये अशक़िया की त़रफ़ तशरीफ़ ले गए। क़रीब पहुंच कर फ़रमाया : "लोगो ! मेरी बात सुनो और जल्दी न करो, अगर तुम इन्साफ़ करो तो सआ़दत

---

1 ....तारीख़ की किताबों में इन का नाम ह़बीब बिन मुत़ह्हर और ह़बीब बिन मुज़हर भी आया है। इल्मिय्या

www.dawateislami.net

पाओ वरना अपने साथियों को जम्अ़ करो और जो करना है कर गुज़रो, मैं मोहलत नहीं चाहता, मेरा **अल्लाह** जिस ने कुरआन उतारा और जो नेकों को दोस्त रखता है, मेरा कारसाज़ है।"

इमाम की येह आवाज़ उन की बहनों के कान तक पहुंची बे इख़्तियार हो कर रोने लगीं, इमाम ने ह़ज़रते अ़ब्बास और इमाम ज़ैनुल आ़बिदीन को ख़ामोश करने के लिये भेज कर फ़रमाया : "ख़ुदा की क़सम ! इन्हें बहुत रोना है।" फिर अशक़िया की त़रफ़ मुतवज्जेह हो कर फ़रमाने लगे : "ज़रा मेरा नसब तो बयान करो और सोचो तो मैं कौन हूं?..... अपने गिरेबान में मुंह डालो, क्या मेरा क़त्ल तुम्हें रवा हो सकता है? ..... मेरी बे हुरमती तुम को ह़लाल हो सकती है?..... क्या मैं तुम्हारे नबी (صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم) का नवासा नहीं ?..... क्या तुम ने न सुना कि रसूलुल्लाह (صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم) ने मुझे और मेरे भाई को फ़रमाया : तुम दोनों जवानाने अह्ले जन्नत के सरदार हो ? ..... क्या इतनी बात तुम्हें मेरी ख़ूरेज़ी से रोकने के लिये काफ़ी नहीं ?....."

शिमर मरदक ने कहा : "हम नहीं जानते तुम क्या कह रहे हो।" ह़बीब बिन मुज़हर ने फ़रमाया : "**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने तेरे दिल पर मोहर कर दी, तू कुछ नहीं जानता।" फिर इमामे मज़्लूम ने फ़रमाया : "ख़ुदा की क़सम ! मेरे सिवा रूए ज़मीन पर किसी नबी का कोई नवासा बाक़ी नहीं। बताओ तो मैं ने तुम्हारा कोई आदमी मारा?..... या माल लूटा या किसी को ज़ख़्मी किया?..... आख़िर मुझ से किस बात का बदला चाहते हो ?..... कोई जवाबदेह न हुवा, तो नाम ले कर फ़रमाया : ? ..... ऐ शीस बिन रबई ! ऐ ह़ज्जाज़ बिन अबजर[1] ! ऐ क़ैस बिन अशअ़स ! ऐ ज़ैद बिन ह़ारिस ! क्या तुम ने मुझे ख़ुतूत़ न लिखे ?" वोह ख़बीस साफ़ मुकर गए। फ़रमाया : "ज़रूर लिखे।" फिर इरशाद हुवा : "ऐ लोगो अगर तुम मुझे ना

---

1 .....तारीख़ की किताबों में ह़ज्जार बिन अबजज़ भी आया है। **इल्मिय्या**

www.dawateislami.net

पसन्द रखते हो तो वापस जाने दो।" इस पर भी कोई राज़ी न हुवा। फिर फ़रमाया : "मैं अपने और तुम्हारे रब عَزَّوَجَلَّ की पनाह मांगता हूं इस अम्र से कि मुझे संगसार करो और पनाह मांगता हूं उस मग़रूर से जो क़ियामत के दिन पर ईमान न लाए।" येह फ़रमा कर नाक़ा शरीफ़ से उतर आए।

ज़हीर बिन क़ैन (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) हथयार लगाए घोड़े पर सुवार आगे बढ़े और कहने लगे : "ऐ अह्ले कूफ़ा ! अ़ज़ाबे इलाही जल्द आता है। मुसलमान का मुसलमान पर ह़क़ है कि नसीह़त करे, हम तुम अभी दीनी भाई हैं, जब तल्वार उठेगी तुम अलग गुरौह होगे हम अलग। हमें तुम्हें **अल्लाह** तआ़ला ने अपने नबी صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم की औलाद के बारे में आज़माया है कि हम तुम इन के साथ क्या मुआ़मला करते हैं। मैं तुम्हें इमामे **हुसैन** (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) की मदद के लिये बुलाता और सरकश इब्ने सरकश इब्ने ज़ियाद की इत़ाअ़त से रोकना चाहता हूं, तुम इस से ज़ुल्मो सितम के सिवा कुछ न देखोगे।"

कूफ़ियों ने कहा : "जब तक तुम्हें और तुम्हारे सरदार को क़त्ल न कर लें या मुत़ीअ़ बना कर इब्ने ज़ियाद के पास न भेज दें हम यहां से न टलेंगे।"

ज़हीर (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) ने फ़रमाया : "ख़ुदा की क़सम ! फ़ात़िमा के बेटे सुमय्या के बेटे से ज़ियादा मुस्तह़िक़े मह़ब्बत व नुस्रत हैं, अगर तुम इन की मदद न करो तो इन के क़त्ल के भी दरपे न हो।" इस पर शिमर मरदूद ने एक तीर मार कर कहा : "चुप ! बहुत देर से तू ने हमारा सर खाया है।"

ज़हीर (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) ने फ़रमाया : "ओ एड़ियों पर मूतने वाले गंवार के बच्चे ! मैं तुझ से बात नहीं करता, तू निरा जानवर है, मेरे ख़याल में तुझे क़ुरआन की दो आयतें भी नहीं आतीं, तुझे क़ियामत के दिन दर्दनाक अ़ज़ाब और रुस्वाई का मुज़्दा हो।"

www.dawateislami.net

शिमर बोला : "कोई घड़ी जाती कि तू और तेरा सरदार क़त्ल किया जाता है।"

फ़रमाया : "क्या मुझे मौत से डराता है ? ख़ुदा की क़सम ! इन के क़दमों पर मरना तुम लोगों के साथ हमेशा जीने से पसन्द है।" फिर बुलन्द आवाज़ से कहने लगे : "ऐ लोगो ! तुम को येह बे अदब उजड फ़रेब देता और दीने हक़ से बे ख़बर करना चाहता है, जो लोग अहले बैत या इन के साथियों को क़त्ल करेंगे, ख़ुदा की क़सम ! मुहम्मद صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم की शफ़ाअत उन्हें न पहुंचेगी।" इमामे आली मक़ाम (رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ) ने वापस बुलाया।

(الکامل فی التاریخ،ثم دخلت سنة احدی و ستین...الخ،ج۳،ص۴۱۷ ملخصاً)

अब शक़ी इब्ने सा'द ने अपने नापाक लश्कर को इमामे मज़्लूम की त़रफ़ ह़रकत दी। हुर ने कहा : "तुझे अल्लाह की मार, क्या तू इन से लड़ेगा ?" कहा : "लडूंगा और ऐसी लड़ाई लडूंगा, जिस का अदना दर्जा सरों का उड़ना और हाथों का गिरना है।" कहा : "वोह तीन बातें जो उन्हों ने पेश की थीं तुझे मन्ज़ूर नहीं ?" कहा : "मेरा इख़्तियार होता तो मान लेता।"

(الکامل فی التاریخ،انضمام الحر...الخ،ج۳،ص۴۲۰ ملخصاً)

﴾ह़ज़रते हुर की इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ से मा'ज़रत﴿

हुर मजबूराना लश्कर के साथ इमाम की त़रफ़ बढ़े मगर यूं कि बदन कांप रहा है और पहलू में दिल के फड़कने की आवाज़ बग़ल वाले सुन रहे हैं। येह ह़ालत देख कर उन के एक हमक़ौम ने कहा : "तुम्हारा येह काम शुबे में डालता है, मैं ने किसी लड़ाई में तुम्हारी येह कैफ़िय्यत न देखी, मुझ से अगर कोई पूछता है कि तमाम अहले कूफ़ा में बहादुर कौन है ? तो मैं तुम्हारा ही नाम लेता हूं।" बोले : "मैं सोचता हूं कि एक त़रफ़ जन्नत के ख़ुश रंग फूल खिले हैं और एक जानिब जहन्नम के भड़कते हुवे शो'ले बुलन्द

www.dawateislami.net

हो रहे हैं और मैं अगर पुर्ज़े पुर्ज़े कर के जला दिया जाऊं तो जन्नत छोड़ना गवारा न करूंगा।" येह कह कर घोड़े को एड़ दी और इमामे आ़ली मक़ाम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) की ख़िदमत में ह़ाज़िर हो गए। फिर अ़र्ज़ की : "अल्लाह मुझे हुज़ूर पर क़ुरबान करे, मैं हुज़ूर का वोही साथी हूं जिस ने हुज़ूर को वापस जाने से रोका, जिस ने हुज़ूर को ह़िरासत में लिया, ख़ुदा की क़सम ! मुझे येह गुमान न था कि येह बदबख़्त लोग हुज़ूर का इरशाद क़बूल न करेंगे और यहां तक नौबत पहुंचाएंगे, मैं अपने जी में कहता था ख़ैर बा'ज़ बातें उन की कही कर लूं कि वोह येह न समझें कि येह हमारी इत़ाअ़त से निकल गया और अन्जामे कार तो वोह हुज़ूर का इरशाद कुछ न कुछ मान ही लेंगे और ख़ुदा की क़सम ! मुझे येह गुमान होता कि येह कुछ न मानेंगे तो मुझ से इतना भी हरगिज़ वाक़ेअ़ न हो, अब मैं ताइब हो कर ह़ाज़िर आया हूं और अपनी जान हुज़ूर पर क़ुरबान करनी चाहता हूं, क्या मेरी तौबा हुज़ूर के नज़दीक मक़बूल हो जाएगी ?" फ़रमाया : "हां ! अल्लाह عَزَّوَجَلَّ तौबा क़बूल करने वाला और गुनाह बख़्श देने वाला है।"

हुर येह मुज़दा सुन कर अपनी क़ौम की त़रफ़ पलटे और फ़रमाने लगे : "क्या वोह बातें जो इमाम ने पेश की थीं मन्ज़ूर नहीं ?" इब्ने सा'द ने कहा : "इन का मानना मेरी क़ुदरत से बाहर है।" फ़रमाया : "ऐ कूफ़ियो ! तुम्हारी माएं बे औलादी हों .... तुम्हारी माओं को तुम्हारा रोना नसीब हो ..... क्या तुम ने इमाम को दुश्मनों के हाथ में दे देने के लिये बुलाया था ?..... क्या तुम ने वा'दा न किया था कि अपनी जानें उन पर निसार करोगे ?... और अब तुम्हीं उन के क़त्ल पर आमादा हो ? येह भी मन्ज़ूर नहीं कि वोह अल्लाह के किसी शहर में चले जाएं जहां वोह, उन के बाल बच्चे अमान पाएं..... तुम ने उन्हें क़ैदिये बे दस्तो पा बना रखा है, ... फ़ुरात

www.dawateislami.net

का बहता पानी जिसे खुदा के दुश्मन पी रहे हैं और गाऊं के कुत्ते सुवर जिस में लौट रहे हैं .... **हुसैन** और उन के बच्चों पर बन्द किया गया है .... प्यास की तक्लीफ़ ने उन्हें ज़मीन से लगा दिया है ...... तुम ने क्या बुरा मुआ़मला किया ज़ुर्रिय्यते मुह़म्मद صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم से ...... अगर तुम तौबा न करो और अपनी ह़रकतों से बाज़ न आओ तो **अल्लाह** तुम्हें क़ियामत के दिन प्यासा रखे ।"

(الکامل فی التاریخ،انضمام الحر...الخ،ج۳،ص۴۲۱ملخصاً)

मुक़ाबले का बा क़ाइ़दा आग़ाज़

इस के जवाब में उन ख़बीसों ने ह़ज़रते हुर पर पथ्थर फैंकने शुरूअ़ किये, येह वापस हो कर इमाम के आगे खड़े हो गए, लश्करे अशक़िया से ज़ियाद का ग़ुलाम यसार और इब्ने ज़ियाद का ग़ुलाम सालिम मैदान में आए और अपने मुक़ाबले के लिये मुबारिज़ त़लब करने लगे । ह़ज़रते अ़ब्दुल्लाह बिन उ़मैर कल्बी (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) सामने आए, दोनों बोले : हम तुम्हें नहीं जानते, ज़ुहीर बिन क़ैन या ह़बीब बिन मुज़ह़र या बरीर बिन ह़ुज़ैर[1] को हमारे मुक़ाबले के लिये भेजो । ह़ज़रते अ़ब्दुल्लाह ने यसार से फ़रमाया : "ओ बदकार औ़रत के बच्चे ! तू मुझ से न लड़ेगा ? तेरी लड़ाई के लिये बड़े बड़े चाहियें ?" येह फ़रमा कर एक हाथ मारा वोह क़त्ल हुवा, सालिम ने आप पर वार किया बाएं हाथ से रोका, उंगलियां उड़ गईं, दाहिने से वार किया, वोह भी मारा गया ।

येह अ़ब्दुल्लाह कूफ़े से इमाम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) की ख़िदमत में ह़ाज़िर हुवे थे और इन की बीबी उम्मे वह्ब इन के साथ थीं । वोह ख़ैमे की चोब ले कर जिहाद के लिये चलीं और अपने शोहर से कहा :

1 ..... तारीख़ की किताबों में इन का नाम बरीर बिन ख़ज़ीर भी आया है । رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ **इ़ल्मिय्या**

www.dawateislami.net

"मेरे मां बाप तेरे कुरबान ! क़िताल कर इन सुथरे, पाकीज़ा नबीज़ादों के लिये।" कहा : " तुम औ़रतों में जाओ।" न माना और कहा : "तुम्हारे साथ मरूंगी।" आख़िर ह़ज़रते इमाम ने आवाज़ दी कि "ऐ बीबी ! **अल्लाह** तुझ पर रह़मत करे, पलट आ कि जिहाद औ़रतों पर फ़र्ज़ नहीं।" वापस आईं। फिर इब्ने सा'द के मैमना से अम्र बिन अल ह़ज्जाज अपने सुवार ले कर आगे बढ़ा, इमाम के साथियों ने घुटनों के बल झुक कर नेज़े सामने किये, घोड़े नेज़ों की सनानों पर न बढ़ सके, पीछे पलटे तो इधर से तीर चलाए गए। वोह कितने ही ज़ख़्मी हुवे, कितने ही मारे गए।

एक मरदक इब्ने हौ़ज़ा ने पूछा : "क्या तुम में **हुसैन** है ? किसी ने जवाब न दिया, तीन बार पूछा, लोगों ने कहा : तेरा क्या काम है ?" बोला : "ऐ **हुसैन** ! तुम्हें आग की बिशारत[1] हो।" फ़रमाया : "तू झूटा है, मैं अपने मेहरबान रब के पास जाऊंगा।" फिर उस का नाम पूछा। कहा : "इब्ने हौ़ज़ा। दुआ फ़रमाई : اَللّٰھُمَّ خُذْہُ اِلَی النَّارِ इलाही इसे आग की त़रफ़ समेट।" येह सुन कर वोह मरदूद ग़ज़ब नाक हुवा, हुज़ूर की त़रफ़ घोड़ा चमकाया, कुदरते ख़ुदा कि घोड़ा भड़का और येह फिसला, एक पाउं रिकाब में उलझ कर रह गया, अब घोड़ा उड़ा चला जाता है यहां तक कि इस मरदूद की रान और पिन्डली टूटी, सर पथ्थरों से टकरा टकरा कर पाश पाश हो गया, आख़िर इसी ह़ाल में वासिले जहन्नम हुवा। मसरूक़ बिन वाइल ह़ज़्रमी, इमामे मज़्लूम के सरे मुबारक लेने की तमन्ना में आया था। इब्ने हौ़ज़ा का येह ह़ाल देख कर कहने लगा : ख़ुदा की क़सम ! मैं तो अह्ले बैत से कभी न लड़ूंगा। फिर यज़ीद बिन मा'क़िल, ह़ज़रते बरीर से कहने लगा : "ख़ुदा ने तुम्हारे साथ क्या किया ?" फ़रमाया :

---

1 .....मुख़ालिफ़ीने हुसैन के तअ़स्सुब और जहालत की इन्तिहा है जो क़त्ले हुसैन को नेकी तसव्वुर किये हुवे थे।

www.dawateislami.net

"अच्छा किया।" कहा : "तुम ने झूट कहा और मैं तुम को आज से पहले झूटा न जानता था, मैं गवाही देता हूं कि तुम गुमराह हो।" फ़रमाया : "तो आओ हम तुम मुबाहिला कर लें कि अल्लाह झूटे पर ला'नत करे और झूटा सच्चे के हाथ से क़त्ल हो।" वोह राज़ी हो गया। मुबाहिला के बा'द इब्ने मा'क़िल ने तल्वार छोड़ी, ख़ाली गई, ह़ज़रते बरीर[1] (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) ने वार किया, ख़ौद काटता हुवा भेजा चाट गया। येह देख कर रज़ी बिन मुन्क़ज़ अ़बदी दौड़ा और ह़ज़रते बरीर (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) से लिपट गया, कुश्ती होने लगी, ह़ज़रते बरीर (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) ने दे मारा और उस के सीने पर चढ़ बैठे, पीछे से का'ब बिन जाबिर अज़दी ने नेज़ा मारा कि पुश्त मुबारक में ग़ाइब हो गया। नेज़ा खा कर रज़ी के सीने से उतरे और उस मरदक की नाक दांतों से काट ली। का'ब ने तल्वार मारी कि शहीद हुवे, जब का'ब पलटा, उस की औ़रत ने कहा : "मैं तुझ से कभी बात न करूंगी, तू ने फ़ातिमा के बेटे के होते दुश्मन को मदद दी और आ़लिमों के सरदार बरीर (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) को शहीद किया।" (الکامل فی التاریخ،المعرکۃ،ج۳،ص۴۲۱ملخصاً)

फिर इमाम की जानिब से अ़म्र बिन क़ुर्ज़ा अन्सारी (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) निकले और सख़्त लड़ाई के बा'द शहीद हुवे। ह़ज़रते ह़ुर ने क़िताले शदीद किया। यज़ीद बिन सुफ़यान इन के सामने आया, इन्हों ने उसे क़त्ल फ़रमाया, नाफ़ेअ़ बिन हिलाल मुरादी (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) मैदान में आए, मुज़ाह़िम बिन ह़रीस इन का मुज़ाह़िम हुवा। मुरादी बा मुराद ने उस ना मर्द ना मुराद को क़त्ल किया, येह ह़ालत देख कर अ़म्र बिन अल ह़ज्जाज चिल्लाया : "ऐ लोगो ! तुम जानते हो किन से लड़ रहे हो ? तुम्हारे सामने वोह बहादुर हैं जिन्हें मरने का शौक़ है, एक एक उन से मैदान न करो, वोह बहुत कम हैं ख़ुदा की क़सम ! तुम सब मिल कर पथ्थर मारोगे तो क़त्ल कर लोगे।"

---

1 ..... बरीर बिन ह़ज़ीर

www.dawateislami.net

इब्ने सा'द ने येह राए पसन्द कर के लोगों को तन्हा मैदान करने से रोक दिया, फिर अम्र बिन अल ह़ज्जाज ने फ़ुरात की त़रफ़ से ह़म्ला किया। इस ह़मले में मुस्लिम बिन औसजा असदी (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) ने शहादत पाई। अम्र पलट गया, इन में अभी रमक़ बाक़ी थी, ह़बीब बिन मुज़्हर ने कहा : "तुम्हें जन्नत का मुज़्दा हो, तुम्हारा गिरना मुझ पर सख़्त शाक़ हुवा, मैं अभी अन क़रीब तुम से मिला चाहता हूं, मुझे कोई वसिय्यत करो कि उस पर अमल करूं।" मुस्लिम (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) ने ह़ज़रते इमाम की त़रफ़ इशारा कर के फ़रमाया : "इन पर क़ुरबान हो जाना।" ह़बीब ने कहा ऐसा ही होगा। फिर ख़बीस इब्ने सा'द ने पान सौ तीर अन्दाज़ इब्ने नुमैर के साथ जमाअ़ते इमाम पर भेजे। अब तीन दिन के प्यासों पर तीरों का मींह बरसना शुरूअ़ हो गया, इमाम के साथी घोड़ों से उतर कर पियादा हो लिये और येह पियादा होना इस मस्लह़त से था कि इस नागहानी बला से कि एक साथ पान सो तीर चुटकियों से निकल रहा है, घबरा कर पाउं न उखड़ जाएं, मारना मरना जो कुछ होना है यहीं हो जाए। इमाम को छोड़ कर भागने और पीठ दिखाने की राह न रहे। ह़ज़रते हुर सख़्त लड़ाई लड़े, यहां तक कि दोपहर हो गया, उन पान सो ने इन के तीस साथियों पर कुछ क़ुदरत न पाई।

जब शक़ी इब्ने सा'द ने येह ह़ाल देखा कि सामने से जाने की त़ाक़त नहीं, इस मैदान के दहने बाएं कुछ मकान वाक़ेअ़ थे इन में लोग भेजे कि जमाअ़ते इमाम पर दहने बाएं से भी ह़म्ला हो सके। इमामे मज़्लूम के तीन चार साथी पहले से बैठ रहे, जो कूदा, मार लिया। इब्ने सा'द ने जल कर कहा कि "मकानात में आग लगा दी जाए।" इमाम ने फ़रमाया : "जला लेने दो, जब आग लग जाएगी तो इधर से ह़म्ले का अन्देशा न रहेगा।"

(الکامل فی التاریخ،المعرکۃ،ج۳،ص۴۲۳ملخصاً)

www.dawateislami.net

शिमर मरदूद ह़म्ला कर के ख़ैमए अत़हर के क़रीब पहुंचा और जन्नत वालों का ख़ैमा फूंकने को जहन्नमी ने आग मांगी। इस के साथी ह़मीद बिन मुस्लिम ने कहा कि "ख़ैमे को आग दे कर औ़रतों, बच्चों को क़त्ल करना हरगिज़ मुनासिब नहीं।" इस दोज़ख़ी ने न माना। शीस बिन रबई कूफ़ी ने कि इस नापाक लश्कर के सरदारों में था, इस नारी को आग लगाने से बाज़ रखा। इस अ़र्से में ह़ज़रते ज़हीर बिन क़ैन दस साह़िबों के साथ शिमर मरदूद के लश्कर पर ऐसी सख़्ती से ह़म्ला आवर हुवे कि उन बदबख़्तों को भागते और पीठ दिखाते ही बन पड़ी। इस ह़म्ले में अबू उ़ज़्ज़ा मारा गया। दुश्मनों ने जम्अ़ हो कर इन ग्यारह पर फिर हुजूम किया। उन में से जितने मारे जाते कसरत की वज्ह से मा'लूम भी न होते और इन में का एक भी शहीद होता तो सब पर ज़ाहिर हो जाता। इसी अ़र्से में नमाज़े ज़ोहर का वक़्त आ गया। ह़ज़रते अबू समामहुस्साइदी ने इमाम से अ़र्ज़ की। "मेरी जान हुज़ूर पर क़ुरबान मैं देखता हूं कि अब दुश्मन पास आ गए, ख़ुदा की क़सम ! जब तक मैं अपनी जान हुज़ूर पर निसार न कर लूं, हुज़ूर शहीद न होंगे, मगर आरज़ू येह है कि ज़ोहर पढ़ कर अल्लाह तआ़ला से मिलूं।" इमाम ने फ़रमाया : "हां ! येह अव्वल वक़्त है, इन से कहो इस क़दर मोहलत दें कि हम नमाज़ पढ़ लें।" इमाम की करामत कि येह बात उन बे दीनों ने क़बूल कर ली।

इब्ने नुमैर मरदक ने कहा "येह नमाज़ क़बूल न होगी।" ह़ज़रते ह़बीब बिन मुज़हर (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) ने फ़रमाया : "आले रसूल की नमाज़ क़बूल न होगी और ऐ गधे ! तेरी क़बूल होगी ?" उस ने इन पर वार किया, इन्हों ने ख़ाली दे कर तल्वार मारी, घोड़े पर पड़ी, घोड़ा गिरा और इस के साथ वोह मरदूद भी ज़मीन पर आया, उस के हमराही जल्दी कर के उसे उठा ले गए। फिर उन्हों ने क़िताले शदीद किया। बनी तमीम से बदील बिन सरीम को क़त्ल फ़रमाया,

www.dawateislami.net

दूसरे तमीमी ने इन के नेज़ा मारा, उठना चाहते थे कि इब्ने नुमैर ख़बीस ने तल्वार छोड़ दी, शहीद हो गए, رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه इन की शहादत का इमाम को सख़्त सदमा हुवा।

अब ह़ज़रते हुर और ज़हीर बिन क़ैन (رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُمَا) ने येह शुरूअ़ किया कि एक उन ख़बीसों पर ह़म्ला फ़रमाते, जब वोह उस हरबोंग में घिर जाते, दूसरे लड़भिड़ कर छुटा लाते, जब येह घिर कर ग़ाइब हो जाते, वोह पहले ह़म्ला करते और बचा लाते। देर तक येही ह़ालत रही फिर पियादों का लश्कर ह़ज़रते हुर पर टूट पड़ा और उन्हें शहीद किया। (الکامل فی التاریخ،المعرکۃ،ج۳،ص۴۲۵ملخصاً)

रौज़तुश्शुहदा में है जब हुर ज़ख़्मी हो कर गिरे इमाम को आवाज़ दी, ह़ज़रत बे क़रार हो कर तशरीफ़ ले गए और सख़्त जंग फ़रमा कर उठा लाए, ज़मीन पर लिटा दिया और उन का सर अपने ज़ानू पर रख कर पेशानी और रुख़सारों की गर्द दामन से पौंछने लगे। हुर ने आंख खोल दी और अपना सर इमाम के ज़ानू पर पा कर मुस्कुराए और अ़र्ज़ की : "हुज़ूर ! अब तो मुझ से ख़ुश हुवे ?" फ़रमाया "हम राज़ी हैं, **अल्लाह** भी तुम से राज़ी हो।" हुर ने येह मुज़्दए जां फ़िज़ा सुन कर इमाम पर नक़्दे जां निसार किया और बिहिश्ते बरीं की राह ली।

आरज़ू येह है कि निकले दम तुम्हारे सामने
तुम हमारे सामने हो हम तुम्हारे सामने

सलाए क़िस्सा ख़्वां फ़ुरक़त की शब सो येह कहानी है
तेरे ज़ानू ही के तकये पे मुझ को नींद आनी है

हुर की शहादत के बा'द सख़्त लड़ाई शुरूअ़ हुई। दुश्मन कटते जाते और आगे बढ़ते जाते, कसरत की वज्ह से कुछ ख़याल में न लाते, यहां तक कि इमाम के क़रीब पहुंच गए और तिश्नाकामों पर तीरों का मींह बरसाना शुरूअ़ कर दिया, येह ह़ालत देख कर ह़ज़रते

www.dawateislami.net

ह़नफ़ी[1] ने इमाम को अपनी पीठ के पीछे ले लिया और अपने चेहरे और सीने को इमाम की सिपर बना कर खड़े हो गए। दुश्मन की त़रफ़ से तीर पर तीर आ रहे हैं और येह कामिल इत़मीनान और पूरी ख़ुशी के साथ ज़ख़्म पर ज़ख़्म खा रहे हैं। इस वक़्त इस शराबे महब्बत के मतवाले ने अपने मा'शूक़, अपने दिलरुबा **हुसैन** को पीठ के पीछे ले कर जंगे उहुद का समां याद दिलाया है, वहां भी एक आ़शिक़े जांबाज़ मुसलमानों की लड़ाई बिगड़ जाने पर सय्यिदुल महबूबीन صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم के सामने दुश्मनों के ह़म्लों की सिपर बन कर आ खड़ा हुवा था, येह ह़ज़रते सा'द बिन अबी वक़्क़ास थे رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ, हुज़ूरे पुरनूर صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم इन्हीं के पीछे क़ियाम फ़रमा थे और दुश्मनों के दफ़्अ़ करने को तरकश से तीर अ़त़ा फ़रमाते जाते और हर तीर पर इरशाद होता "اِرْمِ سَعْدُ بِاَبِیْ اَنْتَ وَاُمِّیْ" तीर मार ऐ सा'द ! तुझ पर मेरे मां बाप क़ुरबान। **अल्लाह** की शान, जंगे उहुद में ह़ज़रते सा'द (رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ) की जां निसारी की वोह कैफ़िय्यत कि रसूलुल्लाह صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم की सिपर बन गए और दुश्मनों को क़रीब न आने दिया और वाक़िअ़ए करबला में इब्ने सा'द की ज़ियांकारी की येह ह़ालत कि दुश्मनों को रसूलुल्लाह صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم के बेटे के मुक़ाबले पर लाया है। बुज़ुर्गवार बाप के तीर इस्लाम के दुश्मनों पर चल रहे थे, ना हन्जार बेटे के तीर मुसलमानों के सरदार पर छूट रहे हैं।

ع ببیں[2] تفاوت رہ از کجاست تا بکجا

ग़रज़ ह़ज़रते ह़नफ़ी ने इमाम (رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ) के सामने यहां तक तीर खाए कि शहीद हो कर गिर पड़े رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰی عَلَيْه, ह़ज़रते ज़हीर बिन क़ैन (رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ) ने इस त़ूफ़ाने बे तमीज़ी के रोकने में जानतोड़ कोशिश की और सख़्त लड़ाई लड़ कर शहीद हो गए।

---

1 ..... सईद बिन अ़ब्दुल्लाह ह़नफ़ी

2 ..... देख ! रस्तों का फ़र्क़ कहां से कहां तक है।

www.dawateislami.net

ह़ज़रते नाफ़ेअ़ बिन हिलाल (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) ने तीरों पर अपना नाम कन्दा करा कर ज़ह्र में बुझाया था। इन से बारह शक़ी क़त्ल किये और बे शुमार ज़ख़्मी कर डाले। दुश्मन उन पर भी हुजूम कर आए, दोनों बाज़ूओं के टूट जाने के सबब से मजबूर हो कर गिरिफ़्तार हो गए। शिमर ख़बीस उन्हें इब्ने सा'द के पास ले गया। हिलाल के चांद का चेहरा ख़ून से भरा था और वोह बिफ़रा हुवा शेर कह रहा था : "मैं ने तुम में के 12 गिराए और बे गिनती घाइल किये, अगर मेरे हाथ न टूटते तो मैं गिरिफ़्तार न होता।" शिमर ने उन के क़त्ल पर तल्वार खींची, फ़रमाया : "तू मुसलमान होता, तो ख़ुदा की क़सम ! हमारा ख़ून कर के ख़ुदा से मिलना पसन्द न करता, उस ख़ुदा के लिये ता'रीफ़ है जिस ने हमारी मौत बदतराने ख़ल्क़ के हाथ पर रखी।" शिमर ने शहीद कर दिया फिर बाक़ी मुसलमानों पर ह़म्ला आवर हुवा। इमाम के साथियों ने देखा कि अब उन में इमाम की ह़िफ़ाज़त करने की त़ाक़त न रही, शहीद होने में जल्दी करने लगे कि कहीं ऐसा न हो की हमारे जीते जी इमामे अ़र्शे मक़ाम को कोई सदमा पहुंचे। ह़ज़रते अ़ब्दुल्लाह व अ़ब्दुर्रह़मान (पिसराने उ़र्वा ग़िफ़ारी) इजाज़त ले कर बढ़े और लड़ाई में मश्ग़ूल हो कर शहीद हो गए।

सैफ़ बिन ह़ारिस और मालिक बिन अ़ब्द (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا) कि दोनों एक मां के बेटे और बाप की त़रफ़ से चचाज़ाद थे, ह़ाज़िरे ख़िदमत हो कर रोने लगे। इमाम ने फ़रमाया : "क्यूं रोते हो ? कुछ ही देर बाक़ी है कि अल्लाह तआ़ला तुम्हारी आंखें ठन्डी करता है।" अ़र्ज़ की : "वल्लाह ! हम अपने लिये नहीं रोते बल्कि हुज़ूर के वासिते रोते हैं कि अब हम में हुज़ूर की मुह़ाफ़ज़त की त़ाक़त न रही। फ़रमाया : "अल्लाह तुम को जज़ाए ख़ैर दे।" बिल आख़िर येह दोनों भी रुख़्सत हो कर बढ़े और शहीद हो गए।

www.dawateislami.net

ह़न्ज़ला बिन असअ़द (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) ने इमाम के सामने कुरआने मजीद की कुछ आयतें पढ़ीं और कूफ़ियों को अ़ज़ाबे इलाही से डराया मगर वहां ऐसी कौन सुनता था, येह भी सलाम कर के गए और दादे शुजाअ़त दे कर शहीद हो गए । शौज़ब बिन शाकिर (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) रुख़्सत पा कर बढ़े और शहादत पा कर दारुस्सलाम पहुंचे । ह़ज़रते आ़बिस (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) इजाज़त ले कर चले और मुबारिज़ मांगा । इन की मश्हूर बहादुरी के ख़ौफ़ से कोई सामने न आया । इब्ने सा'द ने कहा : "इन्हें पथ्थरों से मारो ।" चारों त़रफ़ से पथ्थरों की बौछाड़ शुरूअ़ हो गई । जब इन्हों ने उन ना मर्दों की येह ह़रकत देखी, त़ैश में भर कर ज़िरह उतार, ख़ौद फैंक, ह़म्ला आवर हुवे, दम के दम में सब को भगा दिया । दुश्मन फिर ह़वास जम्अ़ कर के आए और इन्हें भी शहीद किया ।

यज़ीद बिन अबी ज़ियाद किन्दी (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) ने जो कूफ़े के लश्कर में थे और नार से निकल कर नूर में आ गए थे, दुश्मनों पर तीर मारने शुरूअ़ किये, इन के हर तीर पर इमाम ने दुआ़ फ़रमाई : "इलाही इस का तीर ख़त़ा न हो और इसे जन्नत अ़त़ा फ़रमा ।" सो तीर मारे जिन में पांच भी ख़त़ा न गए, आख़िरे कार शहीद हुवे । इस वाक़िए़ में सब से पहले इन्हों ही ने शहादत पाई और शहीदाने करबला की तरतीब वार फ़ेहरिस्त, इन्हीं के नाम से शुरूअ़ हुई है, अ़म्र बिन ख़ालिद मअ़ सा'द मौला व जब्बार बिन ह़ारिस व मजमअ़ बिन उ़बैदुल्लाह (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُم) लड़ते लड़ते दुश्मनों में डूब गए । इस वक़्त अशक़िया ने सख़्त ह़म्ला किया, ह़ज़रते अ़ब्बास (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) ह़म्ला फ़रमा कर छुड़ा लाए । ज़ख़्मों में चूर थे इसी ह़ाल में दुश्मनों पर टूट पड़े और लड़ते लड़ते शहीद हो गए ।

www.dawateislami.net

﴾चमने रिसालत के महक्ते फूलों की शहादत की इब्तिदा﴿

अब इमाम के वफ़ादार और जां निसार सिपाहियों में चन्द रिश्तेदारों के सिवा कोई बाक़ी न रहा, इन ह़ज़रात में सब से पहले जो दुश्मनों के मुक़ाबले पर तशरीफ़ लाए इमाम के साहिबज़ादे ह़ज़रते अ़ली अक्बर[1] (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) हैं। शेरों के ह़म्ले मश्हूर हैं, फिर येह शेर तो मुह़म्मदी कच्छार का शेर है। इस के झुन्झलाए हुवे ह़मले से ख़ुदा की पनाह, दुश्मनों को क़ह्रे इलाही का नमूना दिखा दिया, जिस ने सर उठाया नीचा दिखाया। सफ़ शिकन ह़म्लों से जिधर बढ़े, दुश्मन काई की त़रह़ फट गए, देर तक क़िताल करते और क़त्ल फ़रमाते रहे, प्यास और तरक़्क़ी पकड़ गई, वापस तशरीफ़ लाए और दम रास्त फ़रमा कर फिर ह़म्ला आवर हुवे और दुश्मनों की जान पर वोही क़ियामत बरपा कर दी। चन्द बार ऐसा ही हुवा, यहां तक कि मुर्रह बिन मुन्क़ज़ अ़बदी शक़ी का नेज़ा लगा और बदबख़्तों ने तल्वारों पर रख लिया। जन्नते आ़लिया में आराम फ़रमाया। नौ जवान बेटे की लाश पर इमाम ने फ़रमाया : "बेटे ! ख़ुदा तेरे शहीद करने वाले को क़त्ल करे, तेरे बा'द दुन्या पर ख़ाक है, येह क़ौम **अल्लाह** से कितनी बे बाक और रसूल صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم की बे हुरमती पर किस क़दर जरी है !" फिर ना'श मुबारक उठा कर ले गए और ख़ैमे के पास रख ली फिर अ़ब्दुल्लाह बिन मुस्लिम लड़ाई पर गए और शहीद हुवे। (الکامل فی التاریخ،وکان اول من قتل...الخ،ج۳،ص۴۲۸ملخصاً)

---

1 ....इन की वालिदए माजिदा ह़ज़रते लैला बिन्ते अबी मुर्रह हैं न ह़ज़रते शहरबानू[1] जैसा कि अ़वाम में मश्हूर है. 12 मिन्ह.

1... ईरान की फ़ुतूह़ात में शाहे यज़्दगर्द की दो लड़कियां बांदियां बन कर आईं तो ह़ज़रते उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने इन में से एक ख़ातून शहरबानू को ह़ज़रते अ़ली رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के मश्वरे से ह़ज़रते हुसैन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के निकाह़ में दे दिया जिन के बत़न से अ़ली बिन हुसैन (इमाम ज़ैनुल आ़बिदीन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) हुवे।

www.dawateislami.net

अब आ'दा ने चार त़रफ़ से नरग़ा किया। इस नरग़े में औ़न बिन अ़ब्दुल्लाह बिन ह़ज़रते जा'फ़र त़य्यार और अ़ब्दुर्रह़मान व जा'फ़र (पिसराने अ़क़ील) ने शहादतें पाईं। फिर ह़ज़रते क़ासिम (ह़ज़रते इमामे ह़सन (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) के साह़िबज़ादे) ह़म्ला आवर हुवे और अ़म्र बिन सा'द बिन नुफ़ैल मरदूद की तल्वार खा कर ज़मीन पर गिरे, इमाम को "चचा" कह कर आवाज़ दी, इमाम शेरे ग़ज़बनाक की त़रह़ पहुंचे, और अ़म्र मरदूद पर तल्वार छोड़ी, उस ने रोकी, हाथ कोहनी से उड़ गया। वोह चिल्लाया, कूफ़े के सुवार उस की मदद को दौड़े और गर्दो गुबार में उसी के नापाक सीने पर घोड़ों की टापें पड़ गईं।

जब गर्द छटी तो देखा, इमाम ह़ज़रते क़ासिम की लाश पर फ़रमा रहे हैं : "क़ासिम ! तेरे क़ातिल रह़मते इलाही से दूर हैं, ख़ुदा की क़सम ! तेरे चचा पर सख़्त शाक़ गुज़रा कि तू पुकारे और वोह तेरी फ़रयाद को न पहुंच सके।" फिर उन्हें भी अपने सीने पर उठा कर ले गए और ह़ज़रते अ़ली अक्बर के बराबर लिटा दिया। इसी त़रह़ यके बा'द दीगरे ह़ज़रते अ़ब्बास और इन के तीनों भाई और इमाम के दूसरे साह़िबज़ादे ह़ज़रते अबू बक्र और सब भाई भतीजे (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُم) शहीद हो गए।

अल्लाह इन्हें अपनी वसीअ़ रह़मतों के साए में जगह दे और हमें इन की बरकात से बहरा मन्द फ़रमाए।

अब इमामे मज़्लूम तन्हा रह गए, ख़ैमे में तशरीफ़ ला कर अपने छोटे साह़िबज़ादे ह़ज़रते अ़ब्दुल्लाह को (जो अ़वाम में अ़ली असग़र मश्हूर हैं) गोद में उठा कर मैदान में लाए, एक शक़ी ने तीर मारा कि गोद ही में ज़ब्ह़ हो गए, इमाम ने इन का ख़ून ज़मीन पर गिराया और दुआ़ की : "इलाही अगर तू ने आस्मानी मदद हम से रोक ली है तो अन्जाम ब ख़ैर फ़रमा और इन ज़ालिमों से बदला ले।"

(الکامل فی التاریخ، وکان اول من قتل...الخ، ج۳، ص۴۲۹ ملخصاً)

www.dawateislami.net

फूल खिल खिल कर बहारें अपनी सब दिखला गए

ह़सरत उन गुन्चों पर है जो बे खिले मुरझा गए

اَللّٰھُمَّ صَلِّ عَلٰی سَیِّدِنَا وَمَوْلَانَا مُحَمَّدٍ وَعَلٰی اٰلِہٖ وَاَصْحَابِہٖ اَجْمَعِیْنَ

﴾इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ शहीद होते हैं﴿

हुस्नो इ़श्क़ के बाहमी तअ़ल्लुक़ात से जो आगाह हैं, जानते हैं कि वस्ले दोस्त जिसे चाहने वाले अपनी जान से ज़ियादा अ़ज़ीज़ रखते हैं, बिग़ैर मुसीबतें उठाए और बलाएं झेले ह़ासिल नहीं होता।

रुबाई

اے دل[1] بہوس برسرِ کارے نرسی

تاغم نہ خوری بغم گسارے نرسی

تاسودہ نہ گردی چوحنا در تہ سنگ

ہرگز بکفِ پائے نگارے نرسی

दिल में नश्तर चुभो कर तोड़ देते और कलेजे में छुरियां मार कर छोड़ देते हैं और फिर ताकीद होती है कि उफ़ की तो आ़शिक़ों के दफ़्तर से नाम काट दिया जाएगा। ग़रज़ पहले हर त़रह़ इत़मीनान कर लेते और इमतिह़ान फ़रमा लेते हैं, जब कहीं चिलमन से एक झलक दिखाने की नौबत आती है।

1....... ऐ दिल हवस से तू कामयाब न होगा जब तक तू ग़म न खाएगा ग़म गुसार तक तेरी रसाई न होगी, जब तक तू मेहंदी की त़रह़ पथ्थर के नीचे पिस न जाएगा मह़बूब के तलवे तक तेरी रसाई न हो सकेगी।

ع *रंग लाती है ह़िना, पथ्थर पे घिस जाने के बा'द*

www.dawateislami.net

रुबाई

خوباں[1] دل وجاں بینوا میخواہند　　زخمے کہ زنند مرحبا میخواہند

این[2] قوم ایں قوم چشم بددُور ایں قوم　　خون می ریزند وخوں بہا میخواہند

और येह इमतिहान कुछ ह़सीनाने ज़माना ही का दस्तूर नहीं, हुस्ने अज़ल की दिलकश तजल्लियों और दिलचस्प जल्वों का भी मा'मूल है कि फ़रमाया जाता है :

وَلَنَبْلُوَنَّكُمْ بِشَیْءٍ مِّنَ الْخَوْفِ وَالْجُوْعِ وَنَقْصٍ مِّنَ الْاَمْوَالِ وَ الْاَنْفُسِ وَالثَّمَرٰتِ ؕ (3)

और ज़रूर हम तुम्हारा इमतिह़ान करेंगे कुछ ख़ौफ़ कुछ भूक से और माल घटा कर और जानों और फलों से । (4)

जब इन कड़ियों को झेल लिया जाता और इन तक्लीफ़ों को बरदाश्त कर लिया जाता है तो फिर क्या पूछना ? सरापर्दए जमाल तरसी हुई आंखों के सामने से उठा दिया जाता और मुद्दत के बे क़रार दिल को राह़त व आराम का पुतला बना दिया जाता है। इसी बुन्याद पर तो मैदाने करबला में इमामे मज़्लूम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ को वत़न से छुड़ा कर परदेसी बना कर लाए हैं और आज सुब्ह़ से हमराहियों, रफ़ीक़ों बल्कि गोद के पालों को एक एक कर के जुदा कर लिया गया है। कलेजे के टुकड़े ख़ून में नहाए आंखों के सामने पड़े हैं, हरी भरी

1..... मह़बूब उ़श्शाक़ से ऐसे दिलो जान चाहते हैं जो बे नवा हों। ज़ख़्म लगा कर इन्ही से मरह़बा के त़ालिब होते हैं।

2..... येह गुरौह चश्मे बद्दूर अ़जीब गुरौह है ख़ुद क़त्ल करते हैं और फिर ख़ून बहा त़लब करते हैं।

3..... (अल क़ुरआनुल ह़कीम, सूरतुल बक़रह, 155)

4..... ***तर्जमए कन्ज़ुल ईमान :*** *और ज़रूर हम तुम्हें आज़माएंगे कुछ डर और भूक से और कुछ मालों और जानों और फलों की कमी से।* **इल्मिय्या**

www.dawateislami.net

फुलवाड़ी के सुहाने और नाज़ुक फूल पत्ती पत्ती हो कर ख़ाक में मिले हैं और कुछ परवाह नहीं, परवाह होती तो क्यूं होती ? कि राहे दोस्त में घर लुटाने वाले इसी दिन के लिये मदीने से चले थे, जब तो एक एक को भेज कर कुरबान करा दिया और जो अपने पाउं न जा सकते थे, उन को हाथों पर ले कर नज़्र कर आए। कहां हैं वोह मलाइका जो हज़रते इन्सान की पैदाइश पर चूनो चरा करते थे, अपनी जानमाज़ों और तस्बीहो तक़दीस के मुसल्लों से उठ कर आज करबला के मैदान की सैर करें और "إِنِّىٓ[1] أَعۡلَمُ مَا لَا تَعۡلَمُوۡنَ ۝[2]" की शानदार तफ़्सील हैरत की आंखों से मुलाहज़ा फ़रमाएं।

इस दिल दुखाने वाले मा'रिके में इमतिहान सभी का मन्ज़ूर था, मगर **हुसैने** मज़्लूम का अस्ली और औरों का तुफ़ैली, अगर ऐसा न होता तो मुमकिन था कि दुश्मनों के हाथ से जो सिर्फ़ इमाम ही के दुश्मन, इमाम ही के ख़ून के प्यासे थे, पहले इमाम को शहीद कर दिया जाता। اَللّٰهُ اَكْبَر ! इस वक़्त किस क़ियामत का दर्दनाक मन्ज़र आंखों के सामने है। इमामे मज़्लूम अपने घरवालों से रुख़्सत हो रहे हैं, बे कसी की हालत, तन्हाई की कैफ़िय्यत, तीन दिन के प्यासे मुक़द्दस जिगर पर सेंकड़ों तीर खाए, हज़ारों दुश्मनों के मुक़ाबले पर जाने का सामान फ़रमा रहे हैं, अहले बैत की सग़ीर सिन साहिबज़ादियां, दुन्या में जिन की नाज़बरदारी का आख़िरी फ़ैसला उन की शहादत के साथ होने वाला है, बेचैन हो हो कर रो रही हैं बेकस सय्यिदानियां,

---

1...फ़ाज़िल मुअल्लिफ़ का इशारा तख़्लीक़े आदम पर मलाइका के ए'तिराज़ के जवाब में **अल्लाह** तआ़ला के इरशाद **"मुझे मा'लूम है जो तुम नहीं जानते"**(30/1) की जानिब है।

2...**तर्जमए कन्ज़ुल ईमान :** मुझे मा'लूम है जो तुम नहीं जानते। (پ۱، البقرة:۳۰)

www.dawateislami.net

यहां जिन के ऐ़श, जिन के आराम का ख़ातिमा उन की रुख़्सत के साथ ख़ैरबाद कहने वाला है, सख़्त बेचैनी के साथ अश्कबार हैं। और बा'ज़ वोह मुक़द्दस सूरतें जिन को बे कसी की बोलती हुई तस्वीर कहना हर त़रीक़े से दुरुस्त हो सकता है..... जिन का सुहाग ख़ाक में मिलने वाला और जिन का हर आसरा इन के मुक़द्दस दम के साथ टूटने वाला है रोते रोते बेह़ाल हो गई हैं इन के उड़े हुवे रंग वाले चेहरे पर सुकूत और ख़ामोशी के साथ मुसलसल और लगातार आंसूओं की रवानी सूरते ह़ाल दिखा दिखा कर अ़र्ज़ कर रही है :

مَی[1] روی و گریہ می آید مرا
ساعتے بنشیں کہ باراں بگزرد

इस वक़्त ह़ज़रते इमाम ज़ैनुल आ़बिदीन (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ) के दिल से कोई पूछे कि हुज़ूर के नातुवां दिल ने आज कैसे कैसे सदमे उठाए और अब कैसी मुसीबत झेलने के सामान हो रहे हैं ! बीमारी, परदेस, बचपन के साथियों की जुदाई, साथ खेले हुओं का फ़िराक़, प्यारे भाइयों के दाग़ ने दिल का क्या ह़ाल कर रखा है ? अब ज़िदें पूरी करने वाले और नाज़ उठाने वाले मेहरबान बाप का साया भी सरे मुबारक से उठने वाला है इस पर त़ुर्रा येह कि इन मुसीबतों, इन ना क़ाबिले बरदाश्त तक्लीफ़ों में कोई बात पूछने वाला भी नहीं।

दर्दे दिल उठ उठ के किस का रास्ता तकता है तू
पूछने वाला मरीज़ बे कसी का कौन है ?

---

1 ..... तेरे रुख़्सत होने पर मुझे रोना आता है थोड़ी देर के लिये बैठ जाओ ताकि मुझे क़रार आ जाए और मेरे आंसू थम जाएं।

www.dawateislami.net

अब इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ बच्चों को कलेजे से लगा कर, औ़रतों को सब्र की तल्क़ीन फ़रमा कर आख़िरी दीदार दिखा कर तशरीफ़ ले चले हैं।

از پیش من آں رشکِ چمن میگزرد[1]
چوں روح روانیکہ زتن میگزرد

حال عجبے روزِ وداعش دارم
من از سرو جاں از من میگزرد

हाए ! उस वक़्त कोई इतना भी नहीं कि रिकाब थाम कर सुवार कराए या मैदान तक साथ जाए। हां ! कुछ बे कस बच्चों की दर्दनाक आवाज़ें और बेबस औ़रतों की मायूसी भरी निगाहें हैं, जो हर क़दम पर इमाम के साथ साथ हैं, इमामे मज़्लूम का जो क़दम आगे पड़ता है, "यतीमी" बच्चों और "बे कसी" औ़रतों से क़रीब होती जाती है। इमाम के मुतअ़ल्लिक़ीन, इमाम की बहनें जिन्हें अभी सब्र की तल्क़ीन फ़रमाई गई थी, अपने ज़ख़्मी कलेजों पर सब्र की भारी सिल रखे हुवे सुकूत के आ़लम में बैठी हैं, मगर इन के आंसूओं का ग़ैर मुन्क़ते़अ़ सिलसिला, इन के बे कसी छाए हुवे चेहरों का उड़ा हुवा रंग, जिगर गोशों की शहादत, इमाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ की रुख़्सत, अपनी बे बसी, घर भर की तबाही पर ज़बाने ह़ाल से कह रहा है :

मुझ को जंगल में अकेला छोड़ कर
क़ाफ़िला सारा रवाना हो गया

---

1 ..... वोह रश्के चमन मह़बूब मेरी नज़रों से यूं ओझल होता है जैसे रूह़ जिस्म से जुदा होती है। इस के बिछड़ने पर मेरा अ़जीब ह़ाल है गोया मैं सर से और जान मुझ से जुदा हो रहे हैं।

www.dawateislami.net

तारीख़ का पिछला हिस्सा और इमामे तिश्नाकाम की शहादत

बाग़ जन्नत के हैं बहरे मद्ह ख़्वाने अह्ले बैत
तुम को मुज़्दा नार का ऐ दुश्मनाने अह्ले बैत

किस ज़बां से हो बयान इज़्ज़ो शाने अह्ले बैत
मद्ह गोए मुस्तफ़ा है मद्ह ख़्वाने अह्ले बैत

उन की पाकी का ख़ुदाए पाक करता है बयां
आयए तत्हीर से ज़ाहिर है शाने अह्ले बैत

मुस्तफ़ा इज़्ज़त बढ़ाने के लिये ता'ज़ीम दें
है बुलन्द इक़्बाल तेरा दूदमाने अह्ले बैत

इन के घर में बे इजाज़त जिब्रईल आते नहीं
क़द्र वाले जानते हैं क़द्रो शाने अह्ले बैत

मुस्तफ़ा बाएअ़ [1] ख़रीदार इस का अल्लाहुश्तरा [2]
ख़ूब चांदी कर रहा है कारवाने अह्ले बैत

रज़्म का मैदां बना है जलवा गाहे हुस्नो इश्क़
करबला में हो रहा है इमतिहाने अह्ले बैत

फूल ज़ख़्मों के खिलाए हैं हवाए दोस्त ने
ख़ून से सींचा गया है गुलसिताने अह्ले बैत

---

1 .....बेचने वाले

2 .....इशारा ब आयए करीमा : ان الله اشترى من المؤمنين انفسهم و اموالهم بان لهم الجنة
बेशक **अल्लाह** ने मुसलमानों से उन के माल और जान ख़रीद लिये हैं इस बदले पर कि उन के लिये जन्नत है।
(मुसन्निफ़ (رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه) के ना'तिया दीवान "ज़ौक़े ना'त" में اشترٰی के बजाए مشترٰی लिखा है। **इल्मिय्या**)

www.dawateislami.net

हूरें करती हैं अ़रूसाने शहादत का सिंगार
ख़ूब रू दुल्हा बना है हर जवाने अह्ले बैत

हो गई तह्क़ीक़े ईद दीदे आबे तेग़ से
अपने रोज़े खोलते हैं साइमाने अह्ले बैत

जुमुआ़ का दिन है किताबें ज़ीस्त की तै़ कर के आज
खेलते हैं जान पर शहज़ादगाने अह्ले बैत

ऐ शबाबे फ़स्ले गुल ! येह चल गई कैसी हवा
कट रहा है लहलहाता बोस्ताने अह्ले बैत

किस शक़ी की है हुकूमत हाए क्या अंधेर है ?
दिन दहाड़े लुट रहा है कारवाने अह्ले बैत

ख़ुश्क हो जा ख़ाक हो कर ख़ाक में मिल जा फ़ुरात
ख़ाक तुझ पर देख तो सूखी ज़बाने अह्ले बैत

ख़ाक पर अ़ब्बास व उ़स्मान अ़लम बरदार हैं
बे कसी अब कौन उठाएगा निशाने अह्ले बैत

तेरी क़ुदरत जानवर तक आब से सैराब हों
प्यास की शिद्दत में तड़पे बे ज़बाने अह्ले बैत

क़ाफ़िला सालार मंज़िल को चले हैं सोंप कर
वारिसे बे वारिसान को कारवाने अह्ले बैत

फ़ातिमा के लाडले का आख़िरी दीदार है
ह़श्र का हंगामा बरपा है मियाने अह्ले बैत

www.dawateislami.net

वक़्ते रुख़्सत कह रहा है ख़ाक में मिलता सुहाग
लो सलामे आख़िरी ऐ बैवगाने अह्ले बैत

अब्रे फ़ौजे दुश्मनां में ऐ फ़लक यूं डूब जाए
फ़ातिमा का चांद महरे आस्माने अह्ले बैत

किस मज़े की लज़्ज़तें हैं आबे तेग़े यार में
ख़ाको ख़ून में लौटते हैं तिश्नगाने अह्ले बैत

बाग़े जन्नत छोड़ कर आए हैं मह़बूबे ख़ुदा
ऐ ज़हे क़िस्मत तुम्हारी कुश्तगाने अह्ले बैत

हूरें बे पर्दा निकल आई हैं सर खोले हुवे
आज कैसा ह़श्र है या रब[1] मियाने अह्ले बैत

कोई क्यूं पूछे किसी को क्या ग़रज़ ऐ बे कसी
आज कैसा है मरीज़े नीम जाने अह्ले बैत

घर लुटाना जान देना कोई तुझ से सीख जाए
जाने आ़लम हो फ़िदा ऐ ख़ानदाने अह्ले बैत

सर शहीदाने मह़ब्बत के हैं नेज़ों पर बुलन्द
और ऊंची की ख़ुदा ने क़द्रो शाने अह्ले बैत

दौलते दीदार पाई पाक जानें बेच कर
करबला में ख़ूब ही चमकी दुकाने अह्ले बैत

1..... मुसन्निफ़ رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰی عَلَیْه के ना'तिया दीवान "ज़ौक़े ना'त" में यहां "या रब" के बजाए "बरपा" लिखा है। इल्मिय्या

www.dawateislami.net

ज़ख़्म खाने को तो आबे तेग़ पीने को दिया
ख़ूब दा'वत की बुला कर दुश्मनाने अह्ले बैत
अपना सौदा बेच कर बाज़ार सूना कर गए
कौन सी बस्ती बसाई ताजिराने अह्ले बैत
अह्ले बैते पाक से गुस्ताख़ियां बे बाकियां
दुश्मनाने अह्ले बैत لَعۡنَۃُ اللّٰہِ عَلَیۡکُمۡ
बे अदब गुस्ताख़ फ़िर्क़े को सुना दे ऐ **ह़सन**
यूं कहा करते हैं सुन्नी दास्ताने अह्ले बैत

ऐ कौसर ! अपने ठन्डे और ख़ुश गवार पानी की सबील तय्यार रख कि तीन दिन के प्यासे तेरे किनारे जलवा फ़रमाएंगे। .....

ऐ त़ूबा ! अपने साए के दामन और दराज़ कर, करबला की धूप के लेटने वाले तेरे नीचे आराम लेंगे। .....

आज मैदाने करबला में जन्नतों से हूरें सिंगार किये, ठन्डे पानी के प्याले लिये ह़ाज़िर हैं..... आस्मान से मलाइका की लगातार आमद ने सत़्हे हवा को बिल्कुल भर दिया है और पाक रूहों ने बिहिश्त के मकानों को सूना कर दिया..... ख़ुद हुज़ूरे पुरनूर صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم मदीनए त़य्यिबा से अपने बेटे लाडले **हुसैन** की क़त्लगाह में तशरीफ़ लाए हुवे हैं ..... रीशे मुबारक और सरे अत़्हर के बाल गर्द में अटे हुवे और आंखों से आंसूओं का तार बन्धा हुवा है..... दस्ते मुबारक में एक शीशा है, जिस में शहीदों का ख़ून जम्अ़ किया गया है..... और अब मुक़द्दस दिल के चैन प्यारे **हुसैन** के ख़ून भरने की बारी है।

www.dawateislami.net

بچہ[1] ناز رفتہ باشد زجہاں نیاز مندے
کہ بوقتِ جان سپردن بسرش رسیدہ باشی

ग़रज़ आज करबला में **हुसैनी** मेला लगा हुवा है ..... हूरों से कहो कि अपनी ख़ुश्बूदार चोटियां खोल कर करबला का मैदान साफ़ करें कि तुम्हारी शहज़ादी, तुम्हारी आक़ाए ने'मत फ़ातिमा ज़हरा (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہَا) के लाल के शहीद करने और ख़ाक पर लिटाए जाने का वक़्त क़रीब आ गया है..... रिज़वान को ख़बर दो कि जन्नतों को भीनी भीनी ख़ुश्बूओं से बसा कर दिलकश आराइशों से आरास्ता कर के दुल्हन बना रखे कि बज़मे शहादत का दुल्हा बहते ख़ून का सहरा बान्धे ज़ख़्मों के हार गले में डाले अ़न क़रीब तशरीफ़ लाने वाला है।

साअ़ते आहो बुका व बे क़रारी आ गई
सय्यिदे मज़्लूम की रन में सुवारी आ गई
साथ वाले भाई बेटे हो चुके हैं सब शहीद
अब इमामे बे कसो तन्हा की बारी आ गई

इमाम ने शिमर ख़बीस को ख़ैमए अत़हर की त़रफ़ बढ़ते हुवे देख कर फ़रमाया : "ख़राबी हो तुम्हारे लिये अगर दीन नहीं रखते और क़ियामत से नहीं डरते तो शराफ़त से तो न गुज़रो, मेरे अह्ले बैत से अपने जाहिल सरकशों को रोको। दुश्मन इधर से बाज़ रहे।" अब चार त़रफ़ से इमामे मज़्लूम, जिन्हें शौक़े शहादत हज़ारों दुश्मनों के मुक़ाबले में अकेला कर के लाया है, नरग़ा हुवा। इमाम दहनी त़रफ़ ह़म्ला फ़रमाते तो दूर तक सुवारों और पियादों का निशान न रहता, बाईं जानिब तशरीफ़ ले जाते तो दुश्मनों को मैदान छोड़ कर भागना पड़ता।

---

1 ..... तेरे नियाज़ मन्द ने जहान से किस नाज़ो अन्दाज़ से कूच किया होगा जब जां सिपारी के वक़्त तू इस के सिरहाने मौजूद होगा।

www.dawateislami.net

ख़ुदा की क़सम ! वोह फ़ौज इस त़रह़ इन के ह़म्लों से परेशान होती जैसे बकरियों के गले पर शेर आ पड़ता है, लड़ाई ने तूल खींचा है, दुश्मनों के छक्के छूटे हुवे हैं, नागाह इमाम का घोड़ा भी काम आ गया, पियादा ऐसा क़िताल फ़रमाया कि सुवारों से मुमकिन नहीं।

तीन दिन के प्यासे थे एक बदबख़्त ने फ़ुरात की त़रफ़ इशारा कर के कहा : "वोह देखिये कैसा चमक रहा है ! मगर तुम इस में से एक बूंद न पाओगे यहां तक कि प्यासे ही मारे जाओगे।" फ़रमाया : "**अल्लाह** ! तुझ को प्यासा क़त्ल करे।" फ़ौरन प्यास में मुब्तला हुवा, पानी पीता और प्यास न बुझती यहां तक कि प्यासा ही मर गया। ह़म्ला करते और फ़रमाते : "क्या मेरे क़त्ल पर जम्अ़ हुवे हो ? हां हां, ख़ुदा की क़सम ! मेरे बा'द किसी को क़त्ल न करोगे, जिस का क़त्ल मेरे क़त्ल से ज़ियादा ख़ुदा की ना ख़ुशी का सबब हो, ख़ुदा की क़सम ! मुझे उम्मीद है कि **अल्लाह** तआ़ला तुम्हारी ज़िल्लत से मुझे इ़ज़्ज़त बख़्शे और तुम से वोह बदला ले जो तुम्हारे ख़्वाबो ख़याल में भी न हो, ख़ुदा की क़सम ! तुम मुझे क़त्ल करोगे तो **अल्लाह** तुम में फूट डालेगा और तुम्हारे ख़ून बहाएगा और इस पर राज़ी न होगा, यहां तक कि तुम्हारे लिये दुख देने वाला अ़ज़ाब चन्द दर चन्द बढ़ाएगा।" (الکامل فی التاریخ،المعرکۃ،ج۳،ص۴۳۱)

जब शिमर ख़बीस ने काम निकलता न देखा, लश्कर को ललकारा : तुम्हारी माएं तुम को पीटें क्या इन्तिज़ार कर रहे हो, **हुसैन** को क़त्ल करो। अब चार त़रफ़ से ज़ुल्मत के अब्र और तारीकी के बादल फ़ातिमा (رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہَا) के चांद पर छा गए। ज़रआ़ बिन शरीक तमीमी ने बाएं शाना मुबारक पर तल्वार मारी, इमाम थक गए हैं ..... ज़ख़्मों से चूर हैं.... 33 ज़ख़्म नेज़े के, 34 घाव तल्वारों के लगे हैं..... तीरों का शुमार नहीं.... उठना चाहते हैं और गिर पड़ते हैं.... इसी ह़ालत में सनान बिन अनस नख़ई शक़ी नारी जहन्नमी ने नेज़ा मारा कि वोह अ़र्श का तारा ज़मीन पर टूट कर गिरा.... सनान मरदूद ने

www.dawateislami.net

